उज्जैन
मंगलवार
16
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-223
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



कुमकुम भाग्य फेम एक्ट्रेस सचिता उगले ने लगाई फांसी, मनोरंजन जगत में शोक

# 100% इथेनॉल से चलेंगी गाड़ियां, सरकार ने दी मंजूरी

## गडकरी बोले- 6 हफ्ते में कंपनियां इसके लिए गाड़ियां लॉन्च करेंगी, प्रदूषण और पेट्रोल खर्च घटेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागपुर

केंद्र सरकार ने देश में 100% शुद्ध इथेनॉल को बतौर ईंधन इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस फैसले से जुड़े नियमों और रेगुलेशंस को अंतिम रूप देने वाली फाइल पर उन्होंने साइन कर दिए हैं। इस कदम का मुख्य उद्देश्य देश की कच्चे तेल (फॉसिल फ्यूल) के इम्पोर्ट पर निर्भरता को कम करना और ट्रांसपोर्ट सेक्टर से होने वाले प्रदूषण को रोकना है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर ने इस बदलाव को स्वीकार कर लिया है और कई बड़ी कंपनियां 100% इथेनॉल से चलने वाले वाहन बाजार में उतारने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। गडकरी के मुताबिक, टोयोटा, सुजुकी, एमजी और हुंडई सहित अन्य कंपनियां अगले 6 हफ्तों के भीतर अपने ऐसे नए मॉडल्स भारतीय बाजार में लॉन्च करने जा रही हैं जो पूरी तरह इथेनॉल पर चलेंगे।




### 85% एथेनॉल से चलने वाली वैगन-आर 7.24 लाख में मिलेगी

मारुति सुजुकी ने सोमवार को भारत में पहली फ्लेक्स-फ्यूल कार वैगन-आर बायोफ्लेक्स लॉन्च कर दी है। यह ए85 फ्यूल (85% एथेनॉल मिक्स पेट्रोल) से चलेगी। कार की शुरूआती कीमत 7.24 लाख रुपए रखी गई है और यह दो वैरिएंट में मिलेगी। ए85 वैगन-आर स्टैंडर्ड मॉडल से 86 हजार महंगी है। वहीं, कॉमर्शियल सेगमेंट में मिलने वाली टूर एच3 के मुकाबले इसकी कीमत 1.35 लाख से 2.25 लाख तक ज्यादा है। वैगन-आर टूर एच3 की कीमत 4.99 लाख से 5.89 लाख रुपए के बीच है। फिलहाल इसे टैक्सी और फ्लीट जैसे कमर्शियल सेक्टर के लोग ही खरीद सकेंगे। कार का बाहरी डिजाइन रेगुलर वैगन-आर की तरह ही है, लेकिन ए85 फ्यूल पर चलाने के लिए इसके इंजन और पार्ट्स में तकनीकी बदलाव किए गए हैं। कंपनी ने इसमें अपग्रेडेड फ्यूल इंजेक्टर्स, नया फ्यूल पंप, नई फ्यूल लाइन्स, री-कैलिब्रेटेड एउव और एक स्पेशल एथेनॉल सेंसर लगाया है।

### पेट्रोल के मुकाबले काफी सस्ता ऑप्शन, घटेगा इम्पोर्ट बिल

नितिन गडकरी ने जोर देकर कहा कि इथेनॉल पेट्रोल के मुकाबले किफायती और टिकाऊ विकल्प बनकर उभर सकता है। भारत अभी अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा विदेशों से क्रूड ऑयल इम्पोर्ट करके पूरा करता है, जिससे देश के खजाने पर वित्तीय बोझ पड़ता है। 100% इथेनॉल के आने से न सिर्फ आम जनता को महंगे पेट्रोल से राहत मिलेगी, बल्कि भारत का भारी-भरकम ईंधन आयात बिल भी काफी हद तक कम हो जाएगा।

# कॉकरोच के 2 लाख इंस्टाग्राम फॉलोअर घटे

## 2.27 करोड़ से 2.25 करोड़ हुए, आज नागपुर में प्रदर्शन, कल जयपुर में दीपके को थप्पड़ मारे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागपुर

कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2 लाख फॉलोअर्स कम हो गए हैं। 16 जून को पार्टी के इंस्टाग्राम पर 2.25 करोड़ फॉलोअर्स हैं। 7 जून को यह संख्या 2.27 करोड़ थी।

दिल्ली में 6 जून को सीजेपी के पहले प्रदर्शन से पहले इंस्टाग्राम पर उसके 2.21 करोड़ फॉलोअर्स थे। अगले दिन 7 जून को 24 घंटे के भीतर यह संख्या बढ़कर 2.27 करोड़ हो गई थी। इधर, सीजेपी मंगलवार को नागपुर के संविधान चौक पर शाम 4 बजे प्रदर्शन करेगी। इससे पहले पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके दोपहर 12 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

सीजेपी नीट पेपर लीक, उइए परीक्षा में गड़बड़ी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही है। इसके लिए देशभर में प्रदर्शन कर रही है।

नागपुर से पहले सोमवार को जयपुर के एमआई रोड स्थित शहीद स्मारक पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान भीड़ में शामिल युवकों ने दीपके को थप्पड़ मारे थे।



### नागपुर में सुरक्षा कड़ी, पूरे शहर में 640 पुलिसकर्मी तैनात

- जयपुर की घटना के बाद नागपुर में सीजेपी के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शन में 2,000 से अधिक युवा शामिल हो सकते हैं।
- पुलिस ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। 4 डीसीपी, 3 एसीपी, 18 पुलिस निरीक्षक, 45 एपीआई और सब-इंस्पेक्टर, 470 पुरुष और 170 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।
- दो दंगा नियंत्रण प्लाटून भी स्टैंडबाय पर रखे गए हैं। पुलिस कमिश्नर रविंद्रकुमार सिंगल ने कहा कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की किसी भी कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जयपुर में युवकों ने दीपके का कॉलर पकड़ा हमला किया

जयपुर में सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने दीपके को कंधों पर उठा रखा था। इसी बीच कुछ युवक भीड़ को चीरते हुए उनके पास पहुंचे, कॉलर पकड़कर थप्पड़ मार दिए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और तनाव बढ़ गया। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने हमलावरों को घेरकर पीट दिया, किसी तरह पुलिस ने हमलावरों को पकड़ा। पुलिस ने रोहित शर्मा, राकेश गुर्जर, अजय शर्मा, कुलदीप सिंह शेखावत और निकेत को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों का कहना है कि वे दीपके के सोशल मीडिया पर दिए गए बयानों और सीजेपी की कार्यशैली से नाराज थे। इस दौरान दीपके ने नीट पेपर लीक के कारण आत्महत्या करने वाले छात्रों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखवाया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई। दीपके ने अपने ऊपर हुए हमले को लोकतंत्र पर हमला बताया।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया ऐलान

# महू में बनेगा प्रदेश का पहला साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश का पहला साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर महू में खोला जाएगा। यह घोषणा सीएम डॉ. मोहन यादव ने की। वे सोमवार को भोपाल में राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला स्ट्रेंथनिंग साइबर सिक्योरिटी फ्रेमवर्क्स फॉर स्टेट डेटा के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुरक्षित डेटा ही सुरक्षित राष्ट्र की आधारशिला है।

आज के डिजिटल युग में डेटा सबसे मूल्यवान संपत्ति बन चुका है, इसलिए इसकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए मजबूत सुरक्षा तंत्र की आवश्यकता है। इसी दिशा में महू में साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर स्थापित किया जाएगा।

महू में प्रस्तावित साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर का संचालन मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग



(एमसीटीई) तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से किया जाएगा। यह केंद्र साइबर सुरक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

साइबर अपराधों की पूर्व पहचान हो सकेगी प्रदेश के सरकारी विभागों, नागरिकों के डेटा और डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित रखने मजबूत सुरक्षा कवच तैयार होगा। साइबर अपराधों, डीपफेक और डेटा लीक जैसी चुनौतियों का समय रहते पता लग सकेगा।

## एमपी बोर्ड 10वीं द्वितीय परीक्षा का रिजल्ट आज शाम 4 बजे होगा जारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबीएसई) की हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) द्वितीय परीक्षा 2026 में शामिल हुए विद्यार्थियों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। मंडल द्वारा मंगलवार, 16 जून 2026 को शाम 4 बजे परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। परिणाम जारी होने के बाद छात्र-छात्राएं ऑनलाइन माध्यम से अपना रिजल्ट देख सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं की द्वितीय परीक्षा का मूल्यांकन कार्य और परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। निर्धारित समय पर परिणाम को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा, जिससे प्रदेशभर के विद्यार्थी अपने अंक और परीक्षा परिणाम आसानी से देख सकेंगे। गौरतलब है कि द्वितीय परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी, जो मुख्य परीक्षा में सफल नहीं हो पाए थे अथवा अपने अंकों में सुधार करना चाहते थे।

अमेरिका-ईरान में पीस डील पर डिजिटल साइन हुए, 19 जून को जेनेवा में औपचारिक डील

# ईरान को 28 लाख करोड़ रु. दे सकता है अमेरिका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका-ईरान समझौता पूरा हो चुका है और इस पर शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होंगे। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प, जेडी वेंस और ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ डिजिटल रूप से समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। हालांकि, समझौते का पूरा मसौदा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। ट्रम्प ने कहा कि दस्तावेज शुक्रवार के बाद जारी किया जाएगा।



मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि दोनों देशों के बीच 14 पॉइंट वाला एक शुरूआती मसौदा तैयार हुआ है, जिस पर आगे तकनीकी स्तर की बातचीत होगी। वहीं कुछ रिपोर्टों के मुताबिक ईरान को आर्थिक सहायता के लिए करीब 28 लाख करोड़ रुपए का पैकेज मिल सकता है, हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

## जी7 समिट में शामिल होने ट्रम्प-मेलोनी फ्रांस पहुंचे, मोदी आज पहुंचेंगे

**एवियन।** फ्रांस के एवियन शहर में आज से 52वीं जी7 समिट शुरू हो रही है। जो 17 जून तक चलेगी। सोमवार को अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, इटली पीएम जॉर्जिया मेलोनी, यूके पीएम स्टीमर, यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेन एवियन पहुंचे। पीएम मोदी आज स्लोवाकिया से यहां पहुंचेंगे। फ्रांस पहुंचने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से द्विपक्षीय बैठक की।

दिल्ली में 92 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं

# राजस्थान के चूरू में रेत का बवंडर

## 4 फ्लाइट डाइवर्ट, मानसून यूपी-छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर पहुंचा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर/लखनऊ

देश के 9 राज्यों में प्री-मानसून एक्टिव है। राजस्थान के चूरू, झुंझुनू और सीकर में सोमवार दोपहर रेत का बवंडर उठा। चुरू में कुछ देर के लिए दिन में अंधेरे छा गया। कोटपूतली-बहरोड़ में बवंडर के बाद तेज बारिश हुई।

यूपी के बदायूं में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। आंधी में एक बड़ा पेड़ चलते ऑटो पर गिर गया। आटो में युवती की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर घायल हो गया। दिल्ली के कई इलाकों में भी आंधी के साथ बारिश हुई। इस दौरान 92 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली। खराब मौसम के कारण दिल्ली से 4 फ्लाइट्स को जयपुर डाइवर्ट करना पड़ा।

मानसून बिहार, झारखंड और ओडिशा में आगे बढ़ चुका है। हालांकि, दक्षिण भारत से आगे बढ़ने के बाद महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के आसपास रुका है। नॉर्थ-ईस्ट में यह उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ की बॉर्डर पर पहुंच चुका है। 4 जून को केरलम में दस्तक देने के बाद मानसून 12 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है।

### हवाओं के बदले पैटर्न से धीमा पड़ा मानसून

- देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। 15 जून की सैटेलाइट तस्वीरों में देश के बड़े हिस्से से मानसूनी बादल गायब दिखाई दिए।
- मौसम विभाग के मुताबिक, 4 जून से 15 जून के बीच देश में सामान्य 53.7 मिमी के मुकाबले सिर्फ 19.2 मिमी बारिश हुई। यानी बारिश में 64% की कमी दर्ज की गई है।

## रिपोर्ट- 2030 तक एआई से 22% नौकरियों पर असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में आईटी, कानून, कॉमर्स,ट्रांसलेशन, डिजाइन और लाइब्रेरी साइंस जैसे क्षेत्रों में बड़ा उलटफेर शुरू हो चुका है। एआई के टूल्स ने उन कामों को या तो खत्म कर दिया है या बेहद सिकोड़ दिया है, जिनके लिए लाखों छात्र हर साल डिग्रियां लेते हैं। एचआर कंपनी टीमलीज का कहना है कि 40% कंपनियां हाइब्रिड स्किल यानी डिग्री के साथ अक टूल्स की जानकारी को अनिवार्य मानती हैं। नैस्कॉम की 2024 की रिपोर्ट कहती है कि देश में 82% बीसीए और एमसीए ग्रेजुएट्स के पास एआई टूल्स की औपचारिक ट्रेनिंग नहीं है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट के अनुसार, नौकरियां उन लोगों के पास रहेंगी, जो अक टूल का इस्तेमाल करके उत्पादकता यानी प्रोडक्टिविटी 40% तक बढ़ा सकते हैं। आईबीएम इंस्टीट्यूट फॉर बिजनेस वैल्यू की रिपोर्ट कहती है कि अक लोगों की जगह नहीं लेगा, लेकिन जो लोग एआई का उपयोग करते हैं, वे उनकी जगह ले लेंगे, जो इस्तेमाल नहीं करते। फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2030 तक 22% नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं।




## बांग्लादेश ने भारतीय राजनयिक डॉ. जाहेद उर रहमान को तलब किया

**ढाका।** बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री के सूचना सलाहकार डॉ. जाहेद उर रहमान को दिल्ली एयरपोर्ट पर रोके जाने के मामले में भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बाधे को तलब किया है। ढाका ने इस घटना पर असंतोष जताते हुए भारत से जवाब मांगा है। डॉ. जाहेद उर रहमान इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें करीब दो घंटे तक रोके रखा और पूछताछ की। बाद में उन्हें भारत में प्रवेश की अनुमति दे दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपना पासपोर्ट वापस मांगा और भारत में आने से इनकार कर दिया। इसके बाद वह कोलंबो के रास्ते सोमवार को ढाका लौट गए।



## अमेरिका के कैलिफॉर्निया में बी-52 बॉम्बर विमान क्रैश, 8 लोगों की मौत

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर सोमवार सुबह इ-52 बॉम्बर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान में सवार सभी 8 लोगों के मारे गए हैं। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान नियमित परीक्षण उड़ान पर था। सुबह करीब 11.20 बजे टेकऑफ के तुरंत बाद विमान नीचे गिरा और उसमें आग लग गई। मृतकों में वायुसेना के जवान और विमान परीक्षण से जुड़े विशेषज्ञ शामिल थे। फिलहाल दुर्घटना की वजह साफ नहीं है। अनुमान है कि विमान का कंट्रोल सिस्टम, इंजन या टेस्टिंग किए जा रहे किसी उपकरण में खराबी आई होगी।

## आरएसएस गुप्त संगठन नहीं, 100 साल में किसी ने रजिस्ट्रेशन करवाने नहीं कहा

**बेंगलुरु/नागपुर।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने केरल के त्रिशूर में संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के दौरान रजिस्ट्रेशन के सवाल पर कहा- देश में कई ऐसी संस्थाएं हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। संघ के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। दरअसल, भागवत से पूछा गया था कि कर्नाटक सरकार ने आरएसएस की गतिविधियों को गुप्त बताते हुए कहा है कि संगठन को रजिस्ट्रेशन कराना चाहिए। इसके जवाब में उन्होंने कहा- संघ को किसी को जवाब देने की जरूरत नहीं है। यह कोई गुप्त संगठन नहीं है, बल्कि खुलकर काम करता है।



## अमेरिका और ईरान समझौते से क्रूड ऑयल के दाम गिरे

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए समझौता हो गया है। इस खबर के बाद सोमवार को दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी देखी जा रही है और क्रूड ऑयल की कीमतों में गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 4.8% गिरकर 83.18 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। कुछ हफ्ते पहले ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास थी। युद्ध शुरू होने से पहले इसकी कीमत 70 डॉलर के करीब थी। ग्लोबल मार्केट में समझौते पर सहमति का सीधा असर अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट पर दिखा। सोमवार को डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज करीब 650 अंक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। इसके साथ ही S&P 500 इंडेक्स 1.5% और नैस्डैक कंपोजिट 2.3% ऊपर चढ़ गया।

## ब्रिटेन में 16 साल की उम्र से पहले बच्चे नहीं चला सकेंगे सोशल मीडिया

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन में 16 साल से छोटे बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर बैन लगेगा। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को इसकी घोषणा की। संबंधित नियम इस साल दिसंबर तक बन जाएंगे और 2027 मार्च- अप्रैल तक लागू होने की उम्मीद है। सरकार का तर्क है कि एल्गोरिदम आधारित प्लेटफॉर्म बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और सामाजिक विकास पर नकारात्मक असर डाल रहे हैं। प्रस्ताव के तहत सोशल मीडिया के उपयोग से पहले उम्र सत्यापन सख्ती से लागू होगा और नियम पालन कराने की जिम्मेदारी कंपनियों पर होगी।



## चंडीगढ़ में 8 लाख की तुर्की पिस्टल से कैशियर की हत्या

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित श्री कुमार मेडिकल स्टोर पर हुई फायरिंग में जिगाना पिस्टल का इस्तेमाल किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चंडीगढ़ में हुई किसी वारदात में इस गन का पहली बार इस्तेमाल किया गया है। यह हथियार तुर्किये में बना है। इंटरनेशनल बाजार में इस पिस्टल की कीमत 8 लाख रुपए तक है। इससे पहले इस पिस्टल का इस्तेमाल पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या, मुंबई में बाबा सिद्दीकी का मर्डर जैसे हाई-प्रोफाइल वारदातों में किया गया है। इधर, पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले के रहने वाले हैं।

## खबर एक नजर...

### झूलेलाल मंदिर में लगा महा अन्नकूट छप्पन भोग

**उज्जैन।** अधिक मास के समापन अवसर पर गीता कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में महा अन्नकूट छप्पन भोग और महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में स्थापित सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल सहित अन्य देवी-देवताओं को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। मंदिर के मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि तीन वर्ष में एक बार आने वाले अधिक मास का ऐतिहासिक महत्व होता है। यह महीना दान-पुण्य, सेवा कार्य और देव दर्शन का रहता है। इसी मान्यता के तहत अधिक मास के अंतिम दिन सिंधी समाज की सबसे प्राचीन भगवान झूलेलाल की मूर्ति के समक्ष अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इसके साथ ही मंदिर में स्थापित गणेश, शिव-पार्वती, लक्ष्मीनारायण और सिंधी समाज की कुलदेवी हिंगलाज माता को भी छप्पन भोग अर्पित किया गया। आयोजित महा आरती में अखिल भारत लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपचंद सेवकानी, राष्ट्रीय सचिव कांति भाई और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल वासवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महा आरती के पश्चात सभी उपस्थित भक्तों के बीच छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया।

### पॉलिथीन मुक्ति के लिए महिलाओं को बांटे कपड़े के बैग

**उज्जैन।** पॉलिथीन के उपयोग को रोकने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से दृष्टि इंडिया न्यूज ने एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत शहर की तीन कॉलोनियों की महिलाओं को निःशुल्क कपड़े के बैग वितरित किए गए। नानाखेड़ा क्षेत्र स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में दृष्टि इंडिया न्यूज की डायरेक्टर आशा सिंह चौहान ने महिलाओं को ये बैग बांटे। उन्होंने बताया कि यदि लोग अपनी दिनचर्या में कपड़े के बैग का उपयोग शुरू कर दें, तो पॉलिथीन का उपयोग स्वतः बंद हो जाएगा। इसी उद्देश्य से बैग वितरण का यह अभियान शुरू किया गया है, जिसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। इस पहल के तहत सिद्धि विहार कॉलोनी, सनराइज सिटी कॉलोनी और प्रीति परिसर कॉलोनी की महिलाओं को बैग प्रदान किए गए। बैग वितरण कार्यक्रम के दौरान शिल्पा गोखले, नलिनी चव्हाण, रजनी मेहता, नितिमा गोदानी, रिचा श्रीवास्तव, रेखा अहिरवार, ज्योति माथुर, रचना श्रीवास्तव, नेहा देशमुख, सोनिया जैन, साधना सोनी, दीप्ति पांडा और आशा चौहान विशेष रूप से मौजूद थीं।

### राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने की मामले की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव 2026 में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के विरोध में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन और कांग्रेस कार्यकताओं ने लोकतंत्र की निष्पक्षता एवं चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मामले की निष्पक्ष जांच कर न्यायसंगत कार्रवाई की मांग की है। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की जिलाध्यक्ष स्वाति सिंह ने बताया कि संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मोना कौरव के निदेर्शानुसार पदाधिकारियों एवं कांग्रेस परिवार के साथियों द्वारा यह ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की राष्ट्रीय समन्वयक रेणुका मालवीय, यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश वर्मा, उज्जैन जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नासिर पटेल, योगेंद्र पंडया, जितेंद्र जाट, बालू राम बडाल, आशिक हुसैन, दिलीप चौधरी, गोपाल राठी, रामेश्वर गुर्जर, गौरव उपाध्याय, शहर महासचिव सोनिया ठाकुर, पार्षद सपना सांकला, महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम विश्वास, सीमा पटेल, नरेंद्र मालवीय, जहाँगीर पटेल, कुलदीप बना, विजय पटेल डंडिया, जयराम बडाल, अंकित विशु यादव, रवि यादव, रश्मि त्रिवेदी और मदीना अली सहित कांग्रेस परिवार के कई सदस्य उपस्थित थे।

# विशेष हॉस्पिटल के सहयोग से बागपुरा स्थित संत बालीनाथ परिसर में हुआ पौधारोपण, वक्ताओं ने दिया समाज सेवा का संदेश

## बैरवा महासभा ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सभी मोहल्लों में होंगे आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




अखिल भारतीय बैरवा महासभा की उज्जैन जिला इकाई ने विशेष हॉस्पिटल के सहयोग से बागपुरा स्थित संत बालीनाथ मंदिर परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

महासभा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट एवं महासभा के महामंत्री राहुल अखंड ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर और कायरो जैसी कई बड़ी जांचें निःशुल्क की गईं। इस शिविर का लाभ समाज के कई लोगों ने उठाया। विशेष हॉस्पिटल के संचालक निखिल गोठवाल, डॉ. विशाल मरमट, डॉ. सूरज गांगे और अन्य डॉक्टरों की टीम ने शिविर में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में समाज के सभी 30-32 मोहल्लों में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

स्वास्थ्य शिविर के बाद मंदिर प्रांगण में महासभा के पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठजनों और बुद्धिजीवियों द्वारा पौधारोपण किया गया। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय बैरवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल ने की। कार्यक्रम में डॉ. हरिमोहन धवन, अर्चना जीनवाल, राजकुमार खलीफा और महापौर मुकेश टटवाल सहित सभी वक्ताओं ने समाज की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा के महत्व पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान बैरवा महासभा के महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय प्रभारी अर्चना जीनवाल, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार खलीफा, अनुशासन समिति के रामकरण गोठवाल और राकेश मरमट का स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश जूनवाल ने और आभार दीनदयाल बड़ोदिया ने माना।

इस अवसर पर पूर्व महापौर मदनलाल ललावत, पूर्व महापौर मीना जोनवाल, बाबूलाल गोठवाल, गब्बर कुवाल, सुरेंद्र मेहर, जितेंद्र कुवाल, दीपक मेहरा, उज्जैन विकास प्राधिकरण संचालक सुशीला जाटवा, प्रदेश महिला अध्यक्ष शीला मरमट, युवा महासभा के अध्यक्ष मनीष जाटवा, डॉ. जीएस धवन, सुरेश जीनवाल, डॉ. नरेंद्र गोमे, डॉ. अनिल जुनवाल, डॉ. श्याम निर्मल, मनोज नागवंशी, बृजमोहन नागवंशी, सागर तंवर, रोहित जाटवा, चंदन बैरवा, चिंटू, जीतू मीमरोट, महंत अशोक भारती, राहुल अखंड, जगदीश मरमट, दीपक मरमट, अशोक मीमरोट, नंदकिशोर बरुआ, भगवानदास बैंडवाल, सुशील वाडिया, भूपेंद्र मरमट, राजेश भारती, रमेश हनोतिया सहित अन्य पदाधिकारी और समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जावरा राज्य स्तरीय कराते स्पर्धा में उज्जैन ने लहराया परचम

**उज्जैन।** जावरा में आयोजित ओपन राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एक्सीलेंस मार्शल आर्ट अकादमी के 10 खिलाड़ियों ने मुख्य कोच पूजा चौहान के नेतृत्व में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए 5 स्वर्ण और 5 रजत सहित कुल 10 पदक अपने नाम किए हैं। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उज्जैन ने प्रतियोगिता में ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त किया है। रतलाम जिला कराते एसोसिएशन एवं जावरा कराटे अकादमी द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में प्रदेशभर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मुख्य कोच पूजा चौहान ने बताया कि बच्चों ने दो महीने की कड़ी मेहनत के बाद यह मुकाम हासिल किया है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए उज्जैन की समीक्षा मालवीय, विनय चौहान, गीत मालवीय, नैंसी जाटव और नक्ष केलकर ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं दिव्या मालवीय, कृत्वी, परी केलकर, हिमांशी परमार और यशस्वी पांचाल ने रजत पदक हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया है। पिछले 13 वर्षों से मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दे रहीं पूजा चौहान ने प्रतियोगिता में निर्णायक की सराहनीय भूमिका भी निभाई। इस पर आयोजन समिति द्वारा स्मृति चिह्न भेंटकर उनका विशेष सम्मान किया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर अध्यक्ष गुड्डू ठाकुर, डॉ. भारती वर्मा, वंदना जैन, महेंद्र कटारिया और बादल सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारियों व अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों के साथ-साथ 'पूजा बिटिया' को भी अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भावी पीढ़ियों के हिस्से का जल भी हमने धरती से निकाला, अब वाटर हार्वेस्टिंग ही एकमात्र विकल्प

### माधव विज्ञान महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पैनल चर्चा संपन्न, विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जल प्रकृति का अनुपम उपहार है, लेकिन अत्यधिक दोहन के कारण हमने भविष्य की पीढ़ियों के हिस्से का पानी भी धरती से निकाल लिया है। अब प्रत्येक नागरिक को वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक अपनाकर भू-जल स्तर बढ़ाना होगा। यह बात जलशक्ति विभाग, भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रीय नोडल अधिकारी सुधीन्द्र मोहन शर्मा ने कही।

वे विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जल संरक्षण विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि पौधारोपण के नाम पर केवल फोटो खिंचवाने से काम नहीं चलेगा। पेड़-पौधे और मिट्टी जल का संरक्षण करते हैं। माधव कॉलेज परिसर में प्रतिवर्ष औसतन ढाई करोड़ लीटर बारिश का पानी मिलता है, जिसे सहेजने की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने प्रेजेंटेशन और फिल्म 'नदिया के पार' के माध्यम से भी जल संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया।

#### स्वच्छ वायु के लिए लगाएं पीपल, बरगद और नीम

कार्यक्रम की सारस्वत अतिथि व सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान की पूर्व प्राध्यापक डॉ. सुधा मल्ल ने कहा कि प्रदूषण खत्म किए बिना पृथ्वी को नहीं बचाया जा सकता। यदि वायु प्रदूषण इंडेक्स 17 के ऊपर जाता है तो पौधों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ता है। स्वच्छ वायु के लिए हमें पीपल, बरगद और नीम जैसे पौधे लगाने चाहिए।

#### आगामी सिंहस्थ के लिए तैयार कर रहे परिसर

प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हमारा परिसर भगवान कृष्ण और सुदामा की शिक्षा स्थली के पास स्थित है। आगामी सिंहस्थ के मद्देनजर हम महाविद्यालय को पर्यावरण और जल संरक्षण के दृष्टिकोण से तैयार कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. मनीष कुमार शर्मा ने किया और आभार प्रोफेसर अजीत केलवा ने माना। इस अवसर पर मौजूद प्राध्यापकों और शोधार्थियों ने पैनल चर्चा में भाग लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

### डीजल-पेट्रोल संकट से कृषि कार्य ठप होने की कगार पर, 72 घंटे में आपूर्ति नहीं हुई तो होगा भारी नुकसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानसून की आहट के साथ ही जिले में खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारियां शुरू हो गई हैं, लेकिन पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत के कारण कृषि कार्य ठप होने की कगार पर पहुंच गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर तराना विधायक महेश परमार ने कलेक्टर को पत्र लिखकर किसानों को सहज आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।अगले 24 से 72 घंटों के भीतर किसानों को पर्याप्त ईंधन उपलब्ध नहीं कराया गया, तो बुवाई का सही समय निकल जाएगा और लाखों किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। विधायक परमार ने पत्र में बताया कि वर्तमान में सोयाबीन, मक्का, ज्वार, बाजरा और मूंगफली जैसी मुख्य खरीफ फसलों को बोने का समय आ चुका है। किसानों के लिए एक-एक दिन कीमती है, लेकिन जिले के पेट्रोल पंपों पर डीजल-पेट्रोल उपलब्ध नहीं है। डीजल न मिलने के कारण किसानों में भारी आक्रोश और बेचैनी व्याप्त है।

समय पर खेत तैयार न होने और बुवाई पिछड़ने से इसका सीधा विपरीत प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। विधायक ने मांग की है कि जिले के सभी ग्रामीण और अर्ध-शहरी पेट्रोल पंपों पर कृषि कार्य के लिए डीजल-पेट्रोल का विशेष कोटा निर्धारित किया जाए। पंपों पर कालाबाजारी रोकने, सुगम आपूर्ति एवं पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर युकां ने सौंपा ज्ञापन

### युवक कांग्रेस ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर लगाया तानाशाही का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में युवक कांग्रेस ने सोमवार को कड़ा रोष व्यक्त किया। प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चुनाव आयोग की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित और लोकतंत्र की हत्या करार दिया गया है।

युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने कहा कि केंद्र सरकार और उसके इशारों पर काम कर रहे चुनाव आयोग की तानाशाही के खिलाफ अब संघर्ष का ऐलान कर दिया गया है। मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करना सीधे तौर पर लोकतंत्र और संविधान की सरेआम हत्या है। यह पूरी तरह से दुर्भावनापूर्ण कृत्य है। चुनाव आयोग अब एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था न रहकर सत्ताधारी दल का राजनीतिक औजार बन चुका है, जो देश की निष्पक्ष चुनाव प्रणाली पर एक गहरा धब्बा है। यादव ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी कि सत्ता के दबाव में की जा रही इस असंवैधानिक और निंदनीय कार्रवाई के खिलाफ युवक कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है। इस तानाशाही के खिलाफ युवक कांग्रेस केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की ईंट से ईंट बजाने का कार्य करेगी। यह लड़ाई अब केवल नामांकन की नहीं, बल्कि देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की है। प्रदर्शन के दौरान शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, वरिष्ठ नेता देवव्रत यादव, अजय राठौर, लालचंद भारती, चंद्रभान सिंह चंदेल, योगेश दायिमा, आनंद मीणा, बबलू खिंची, संचित शर्मा, अभिषेक लाला, विधानसभा अध्यक्ष यशराज चावड़ा, यश जैन, ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र रंगवाल, सौरभ यादव, मुकेश यादव, मयूर तिनखड़े और अश्विन मावरी सहित सैकड़ों युवा साथी उपस्थित रहे।

### साहित्य हमारे चरित्र को संवारता है, यह मानव जीवन को दिशा देने का कार्य करता है

**उज्जैन।** हम जब बाहर निकलते हैं तो अपने चेहरे को संवारते हैं, लेकिन साहित्य हमारे चरित्र को संवारता है। साहित्य हमारे अंतस का दर्पण है और मानव जीवन को दिशा देने का कार्य करता है। यह बात महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद महाराज ने चारधाम मंदिर में मध्य प्रदेश लेखक संघ द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी में कही। यह आयोजन प्रख्यात गीतकार व साहित्यकार स्व. अजहर हाशमी को समर्पित था, जिसमें उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि नैक चेयरमैन प्रो. नागेश्वर राव ने कहा कि प्रो. अजहर हाशमी का हिंदी भाषा और उसकी शैली पर अद्भुत अधिकार था। उन्हें सुनना किसी संत की वाणी सुनने जैसा अनुभव प्रदान करता था। अध्यक्षता कर रहे प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने कहा कि सादा जीवन एवं उच्च विचार के सिद्धांत पर चलने वाले हाशमी जी सही अर्थों में कबीर के उपासक थे। विशेष अतिथि डॉ. शिव चौरसिया ने कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन कविता और इंसानियत को समर्पित कर दिया। रतलाम से आईं विशेष अतिथि डॉ. श्वेता नागर ने स्व. हाशमी से जुड़े प्रेरक संस्मरण साझा किए। डॉ. प्रवीणा दवेसर ने उनका प्रसिद्ध गीत प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि दी।

## बाबा महाकाल को बेलपत्र का पौधा अर्पित कर 'एक पेड़-एक परिवार' अभियान का शुभारंभ

### समिति ने लिया 11 हजार पौधे लगाने का संकल्प, प्रदेशभर में चलेगा पर्यावरण संरक्षण का महाअभियान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पर्यावरण संरक्षण और जनजागरण के उद्देश्य से सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जनकल्याण समिति द्वारा 'एक पेड़-एक परिवार' महाअभियान की शुरूआत की गई है। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूजन-अर्चन कर बाबा महाकाल को बेलपत्र का पौधा अर्पित किया गया और प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया।

समिति के अध्यक्ष पं. मनोज रावत ने बताया कि अभियान के तहत प्रदेशभर में 11 हजार पौधों के निःशुल्क वितरण एवं पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महाअभियान में प्रत्येक परिवार को कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प दिलाया जा रहा है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के बीच वृक्षारोपण ही प्रकृति संतुलन का सबसे प्रभावी माध्यम है। संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संपूर्ण प्रदेश में पौधारोपण कर लोगों को इसके लिए प्रेरित करेंगे। समिति का उद्देश्य केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनके संवर्धन के प्रति समाज को जागरूक करना भी है।

#### पूर्व विधायक को शमी का पौधा भेंट कर किया आह्वान

अभियान के शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक एवं मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय को संगठन के सदस्यों ने शमी का पौधा भेंट कर अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। संगठन ने प्रदेशवासियों से भी अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर अपने परिवार के नाम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करें। कार्यक्रम में पं. महेंद्र व्यास, नवीन सोगानी, आशीष सोमानी एवं प्रखर जोशी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे

### सार्थक ओलंपिक में टीम इटली और जापान का दबदबा, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## सामाजिक एकता व खेल भावना के साथ तीन दिवसीय 'सार्थक ओलंपिक 2026' का हुआ शानदार समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




सामाजिक एकता, पारिवारिक सौहार्द एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय 'सार्थक ओलंपिक 2026' का उत्साहपूर्ण समापन हो गया है। तीन दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में विभिन्न आयु वर्ग के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा खेल भावना, अनुशासन और आपसी सहयोग का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

ओलंपिक के दौरान कबड्डी, क्रिकेट, वॉटर वॉलीबॉल, स्लो साइकिल रेस, 50 व 100 मीटर दौड़, रिले रेस, गोला फेंक तथा शूटिंग सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन स्पधाओं में अलग-अलग टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए। विभिन्न स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीमों में टीम इटली ने कप्तान केतुल शाह के नेतृत्व में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कबड्डी, 100 मीटर दौड़ एवं शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित किए। टीम जापान ने कप्तान सीमा पतंगया के नेतृत्व में क्रिकेट, वॉटर वॉलीबॉल एवं स्लो साइकिल प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी तरह, टीम इंग्लैंड ने कप्तान प्रिया नांदेचा के नेतृत्व में गोला फेंक एवं रिले रेस में स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं, कप्तान तन्मय शाह के नेतृत्व में टीम इंडिया ने कबड्डी में तथा कप्तान आशय घीया के नेतृत्व में टीम ब्राजील ने 50 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण मध्यप्रदेश रीजन के अध्यक्ष राहुल चपलोद, रीजन सचिव अश्विन मेहता, सहसचिव संजय कोठारी, सुशील कांठेड़ और अमित कोठारी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। संस्थापक अध्यक्ष अमित कावड़िया ने कहा कि सार्थक परिवार द्वारा भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे, जिससे सदस्यों के बीच आपसी संबंध मजबूत हों और नई पीढ़ी को खेलों से जुड़ने का अवसर मिले। संस्था अध्यक्ष राजेश पटनी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों व स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। सचिव आशीष पीपाड़ा ने सक्रिय सहभागिता के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

## जनता बिजली-पानी और जाम से बेहाल, न्यास ने सीएम से की राहत की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ महाकुंभ के विकास कार्यों के लिए शहरवासियों ने अपने मकान और व्यापार सौंपकर सबसे बड़ा बलिदान दिया है, लेकिन बदले में उन्हें केवल परेशानियां मिल रही हैं। शहर में आवागमन ठप है और जनता भीषण गर्मी में बिजली-पानी संकट से जूझ रही है। मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने इस स्थिति पर रोष जताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शहर की मूलभूत सुविधाओं पर तत्काल ध्यान देने की मांग की है।

न्यास के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजकुमार झंझोट ने बताया कि विकास कार्यों के कारण उज्जैन के सभी प्रमुख मार्ग बंद हैं, जिससे गलियों में भारी जाम लग रहा है। शहर के 70-80 प्रतिशत हिस्से में काम चलने के कारण व्यापार भी पूरी तरह ठप हो गया है। ठेकेदारों की लापरवाही से आए दिन पाइपलाइन टूट रही है, जिससे लोगों को हफ्तों तक पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं, भीषण गर्मी में घंटों होने वाली बिजली कटौती ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हाल ही में सोमवती अमावस्या पर भी शहर में चक्का जाम की स्थिति बनी थी, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ श्रद्धालु भी खासे परेशान हुए।

यातायात पुलिस और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शहर का जाम खुलवाने की जगह यातायात पुलिस बाहरी मार्गों पर श्रद्धालुओं के वाहनों की चेकिंग में व्यस्त है। श्रद्धालुओं के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है मानो कोई अपराधी शहर में आ गया हो। दूसरी ओर, हमेशा वोट मांगने वाले जनप्रतिनिधि भी इस संकट के समय जनता के बीच नजर नहीं आ रहे हैं।

#### सहयोग के बदले सुचारू हों मूलभूत सुविधाएं

न्यास ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अनुरोध किया है कि शहरवासियों ने विकास कार्यों के लिए शासन-प्रशासन का पूरा सहयोग करते हुए जो मांगा वह दिया है। अब सरकार की जिम्मेदारी है कि इस सहयोग के बदले शहरवासियों को बिजली, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं तत्काल और सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएं। महाकुंभ के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद अधिकारियों और ठेकेदारों से ज्यादा असली धन्यवाद की हकदार उज्जैन की जनता है।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्यं चापि नियोजयेत्॥

**अर्थः** मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मन्त्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में हॉस्टलों की जांच कई जगह मिलीं खामियां

**इंदौर।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने सोमवार को इंदौर के विभिन्न हॉस्टलों और खाद्य प्रतिष्ठानों में विशेष जांच अभियान चलाया। अधिकारियों की टीम ने इंद्रपुरी कॉलोनी, अहिल्यापुरी और मंगल नगर क्षेत्र के छात्रावासों का निरीक्षण कर कुल 16 खाद्य नमूने जांच के लिए एकत्र किए। निरीक्षण के दौरान सत्कार गर्ल्स हॉस्टल, इंद्रपुरी कॉलोनी में किचन और स्टोर की साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई। यहां फूड हैंडलर्स के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र और पानी की जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं थी। हॉस्टल से तुअर दाल, मिक्स दाल, आटा, मिर्च पाउडर, बेसन और चावल सहित 6 नमूने लिए गए। संबंधित संचालक को नोटिस जारी किया जाएगा। वहीं वीर भगत सिंह हॉस्टल और सत्कार हॉस्टल्स, मंगल नगर से भी खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए। अन्य हॉस्टलों में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इसके अलावा आओ मित्रों केक शॉप और टिंकूज कैफे का भी निरीक्षण किया गया। कैफे में खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। हॉस्टल, मेस और विद्यार्थियों से जुड़े खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित जांच जारी रहेगी। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हिंदी माध्यम के पत्रकारिता छात्रों को अंग्रेजी में पेपर दिया

**इंदौर।** के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में सोमवार को मास्टर ऑफ जर्नलिज्म (एमजे) के मीडिया रिसर्च विषय की परीक्षा में हिंदी माध्यम के छात्रों को सिर्फ अंग्रेजी में प्रश्नपत्र बांट दिया गया। इससे परीक्षा केंद्रों पर हड़कंप मच गया और छात्रों ने तत्काल आपत्ति दर्ज कराई। विश्वविद्यालय ने एमजे एक वर्षीय पाठ्यक्रम की परीक्षा पहले 2 जून से रखी थी, लेकिन बाद में टाइम टेबल में बदलाव किया गया। 9 जून से एमजे की परीक्षा शुरू हुई। सोमवार को मीडिया रिसर्च का चौथा पेपर दोपहर 2 से शाम 5 बजे वाले सत्र में हुआ। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला व वाणिज्य महाविद्यालय को केंद्र बनाया गया, जहां परीक्षा देने आए विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र दिए गए। उसमें सिर्फ अंग्रेजी भाषा में प्रश्न पूछे गए। 100 अंक के इस पत्र में पांच प्रश्नों के जवाब विद्यार्थियों को देना था। प्रत्येक प्रश्न का विकल्प रखा गया, लेकिन हिन्दी माध्यम में प्रश्न नहीं पूछे गए। इसे लेकर विद्यार्थियों ने केंद्राध्यक्ष को आपत्ति दर्ज कराई। तत्काल बाकी केंद्रों से भी विश्वविद्यालय कंट्रोल रूम में पेपर अंग्रेजी में आने के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने प्रश्नों का हिन्दी अनुवाद करके विद्यार्थियों को बताने के निर्देश दिए। यहां तक कि विद्यार्थियों को अपने माध्यम से प्रश्नों के जवाब लिखने को कहा गया। विद्यार्थियों का कहना था कि जब पाठ्यक्रम हिंदी माध्यम से पढ़ाया जा रहा है और बड़ी संख्या में विद्यार्थी हिंदी में अध्ययन कर रहे हैं, तो परीक्षा का प्रश्न पत्र भी हिंदी में उपलब्ध न होना बड़ी चूक को दर्शाता है।

### बेटी के फेरे से पहले एजेंसी संचालक से ली रिश्वत

**इंदौर।** खाद्य विभाग के एक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के लिए रिश्वत लेते एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा है। मामले में खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहुल शर्मा और उनके सहयोगी रामू लोहिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। खास बात यह कि खाद्य विभाग के अधिकारी की टीम ने फरियादी गैस एजेंसी संचालक को उसकी बेटी की शादी के दिन भी नहीं छोड़ा। बेटी के फेरे के पहले वे परिवार पर दबाव बनाकर एक लाख रुपए ले गए थे। लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रमोद दुबे, देवास जिले के ग्राम घीसलाय स्थित पटेल एचपी गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी के सह-संचालक हैं। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी कि खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहुल शर्मा ने कमर्शियल गैस सिलेंडर अधिक कीमत पर बेचने का मामला बनाने की धमकी देकर उनसे ढाई लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी राहुल शर्मा का ट्रांसफर कुछ दिन पहले शाजापुर हुआ था’ इसके बावजूद उसका भ्रष्टाचार चल रहा था’ आज रिलीव होने के कुछ घंटे बाद ही वह लोकायुक्त के शिकंजे में आ गया।

### मजदूरी का झांसा देकर महिला के चांदी के गहने ठगे

**इंदौर।** मजदूरी का काम दिलाने का झांसा देकर महिला के चांदी के आभूषण हड़पने वाले आरोपी को चंदन नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 500 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 12 जून 2026 की सुबह करीब 8 बजे एक महिला खजराना चौराहे पर मजदूरी के लिए खड़ी थी। इसी दौरान जितेंद्र राठौर उसके पास पहुंचा और उसे काम दिलाने की बात कही। आरोपी ने महिला को बताया कि चंदन नगर क्षेत्र के आगे स्थित एक जैन मंदिर में खाना बनाने का काम है, जहां प्रतिदिन 600 रुपए मजदूरी मिलेगी। महिला उसकी बातों में आ गई और जितेंद्र के साथ बाइक पर बैठकर चली गई। आरोपी पहले उसे सराफा क्षेत्र ले गया और बाद में चंदन नगर के आगे ग्राम सिंहासा पहुंचा। वहां उसने महिला से कहा कि मंदिर परिसर में गहने पहनकर काम करने की अनुमति नहीं है, इसलिए वह अपने आभूषण उतारकर उसे दे दे। महिला ने आरोपी पर विश्वास कर अपने चांदी के आभूषण उसे सौंप दिए।

### इंदौर में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने पर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# राज्यसभा-चुनाव में गड़बड़ी के आरोप पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

राज्यसभा निर्वाचन प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं और कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में सोमवार को युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा और चुनावी निष्पक्षता पर गंभीर आरोप लगाए।

राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि हाल ही में राज्यसभा निर्वाचन के दौरान जो कुछ भी घटा, उसने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर





बहुत गहरे प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। कलेक्टोरेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि समूची चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता के बुनियादी सिद्धांतों को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया। विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए जिस तरह से कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया गया, उससे देश के लोकतंत्र प्रेमी नागरिकों में भारी असंतोष और आक्रोश व्याप्त है।

#### पक्षपात से कमजोर हो रहा है हमारा तंत्र

इंदौर शहर अध्यक्ष अमित पटेल ने कहा कि किसी भी मजबूत लोकतंत्र की नींव पूरी तरह से स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रणाली पर टिकी होती है। उन्होंने कहा, अगर देश की सबसे बड़ी पंचायत (राज्यसभा) के चुनावी नियमों में इस तरह का खुला पक्षपात होगा या नियमों का असमान अनुपालन किया जाएगा, तो यह हमारी स्थापित लोकतांत्रिक व्यवस्था को अंदर से खोखला और कमजोर कर देगा। यही कारण है कि इस पूरे संवेदनशील घटनाक्रम की एक निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच होना बेहद जरूरी हो गया है।

#### युवा कांग्रेस ने की ये 3 प्रमुख मांगें

राज्यसभा चुनाव और नामांकन निरस्त किए जाने से जुड़े इस पूरे विवादित प्रकरण की किसी स्वतंत्र और निष्पक्ष केंद्रीय एजेंसी से जांच कराई जाए। चुनावी प्रक्रिया में कथित हेरफेर और अनियमितताओं के लिए, जो भी अधिकारी या व्यक्ति जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर जवाबदेही तय की जाए।

# स्कूल चलें हम अभियान में मृत-रिटायर्ड टीचर का नाम

## 154 स्कूलों में कलेक्टर समेत कई अधिकारी पढ़ाने जाएंगे, जिम्मेदार बोले- जानकारी नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में स्कूल चलें हम अभियान के तहत मंगलवार को कलेक्टर शिवम वर्मा सहित कई अधिकारी सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने पहुंचेंगे, लेकिन इस अभियान के लिए जारी सूची में प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

कलेक्टर कार्यालय से जारी 154 स्कूलों की सूची में ऐसे अधिकारियों के नाम भी शामिल कर दिए गए हैं, जिनका निधन हो चुका है या जो काफी पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सूची में एक साल पहले दिवंगत ड्रग इंस्पेक्टर अल्केश यादव और डेढ़ साल पहले रिटायर हो चुके डीके शर्मा का नाम भी शामिल है। लिस्ट में कलेक्टर शिवम वर्मा के हस्ताक्षर भी हैं।

**इन स्कूलों में पढ़ाने के लिए नाम-** जारी की गई लिस्ट में करीब एक साल पहले दिवंगत हुए ड्रग इंस्पेक्टर अल्केश यादव का नाम शासकीय उन्नत मिडल स्कूल छोटा बांगडदा में जाकर बच्चों को पढ़ाने वाले अधिकारियों की सूची में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं,




हस्तशिल्प विभाग मैनेजर रहे डीके शर्मा का नाम शासकीय उर्दू मिडल स्कूल हाथिपाला के लिए सूची में दर्ज है, जो करीब डेढ़ वर्ष पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

**डीपीसी कार्यालय से तैयार होती है लिस्ट-** जानकारी के अनुसार, यह सूची डीपीसी कार्यालय से तैयार होती है। यहीं से सूची तैयार होकर जिला प्रशासन कार्यालय तक जाती है। अभिभावकों ने बताया कि सूची की पुनः समीक्षा कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होना चाहिए, ताकि बच्चों के भविष्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण अभियान की साख बनी रहे।

**यह है अभियान-** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निदेर्शानुसार 16 से 30 जून तक शासकीय स्कूलों में मंगलवार से स्कूल चले हम अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत मंगलवार को प्रदेश के सभी जिलों से कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी बच्चों को पढ़ाने के लिए जाएंगे।

#### पहले भी जेल में बंद अधिकारी का नाम शामिल कर चुके हैं

इस तरह की गड़बड़ी पहले भी हो चुकी है। वर्ष 2024 में करोड़ रुपए के बिल के फर्जीवाड़े के मामले में जेल में बंद अभय राठौर का नाम सूची में शामिल कर दिया था। इसके अलावा पूर्व निगमायुक्त हर्षिका सिंह, एमपीआईडीसी की कार्यकारी निदेशक सपना जैन का नाम भी लिख दिया था।

#### जिम्मेदार बोले- जानकारी नहीं, दिखावते हैं

जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन ने कहा कि यह सूची डीपीसी कार्यालय में तैयार होती है। आपके माध्यम से यह जानकारी संज्ञान में आई है, यदि ऐसे कुछ नाम है तो मैं दिखवाता हूं। वहीं डीपीसी संजय मिश्रा ने कहा कि शासकीय स्कूलों में पढ़ाने के अधिकारियों की सूची कलेक्टर कार्यालय में ही तैयार हुई है। इस संबंध में हमें जानकारी नहीं है।

# सोनम बोली- नेपाल नहीं भागी, शिलॉन्ग में हूं

### राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी का इंदौर जाने से इनकार, कहा- जांच में सहयोग कर रही

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी और मृतक की पत्नी सोनम रघुवंशी ने कहा कि वह नेपाल नहीं भागी है। उसने कहा कि मेरे बारे में झूठी बातें फैलाई जा रही हैं। जनता से यही कहना चाहती हूं कि किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें।

सोनम ने एक निजी चैनल से बातचीत में यह बयान दिया है। इसके साथ ही सोनम ने जांच में सहयोग देने की बात भी कही। कहा- मैंने हमेशा कोर्ट की कार्यवाही में पूरा सहयोग किया है। आगे भी करती रहूंगी। मेरा अभी इंदौर जाने का कोई प्लान नहीं है। सोनम का बयान ऐसे समय में आया है, जब राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने आरोप लगाया था कि



सशर्त जमानत पर जेल से रिहा होने के बाद सोनम देश छोड़कर नेपाल भाग गई है। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराने की भी मांग की थी। राजा रघुवंशी हत्याकांड में न्याय की लड़ाई लड़ रहे उनके भाई विपिन रघुवंशी मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग पर अड़े हुए हैं। विपिन रघुवंशी का तर्क है कि जब देश में लड़कियों से जुड़े चर्चित मामलों (जैसे ट्विशा मामला) की जांच केंद्रीय एजेंसी कर सकती है, तो एक लड़के की बेरहमी से हुई हत्या के मामले में ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता?

# जवाहर मार्ग पर फर्नीचर शॉप में भीषण आग



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के जवाहर मार्ग पर सोमवार देर शाम एक फर्नीचर की दुकान में आग लग गई। तीन मंजिला दुकान में आग की लपटें ऊपर तक पहुंच गईं। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।

**तीन मंजिल तक पहुंचीं लपटें, लाखों का सामान खाक**

फायर ब्रिगेड अधिकारियों के मुताबिक, घटना शाम करीब साढ़े सात बजे की है। नंदलालपुरा के पास स्थित प्रिंस फर्नीचर की दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं। आग पर काबू पाने के लिए तीन पानी के टैंकर भी बुलाए गए।

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद निचले हिस्से की आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया, लेकिन ऊपरी मंजिलों में आग बुझाने का काम देर रात तक जारी रहा।

आग की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय पार्षद और अन्य जनप्रतिनिधि भी घटनास्थल पर पहुंचे। शुरूआत में लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से ऊपरी हिस्सों में फैल गई।

आगजनी में लाखों रुपए का फर्नीचर जलकर खाक हो गया। क्षेत्र में फर्नीचर और फोम से जुड़े कई प्रतिष्ठान हैं। हालांकि, दमकल की टीम ने समय रहते आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया।

### बजट में प्रॉपर्टी टैक्स नहीं बढ़ाया...


# अब जोन बदलकर डालेंगे जनता पर बोझ

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

बजट में करों में बदलाव नहीं करने का दावा करने वाला नगर निगम दूसरे तरीके से संपत्ति कर बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। शहर के 50 से ज्यादा इलाकों के रेट जोन अपग्रेड करने जा रहा है। इनमें सबसे ज्यादा 29 गांवों के इलाके हैं जो निगम की सूची में ही शामिल नहीं थे।

यहां अब प्रमुख सड़कें, बाजार और मॉल बन गए हैं। ऐसे में इनके संपत्ति कर के रेट जोन अपग्रेड किए जाएंगे। यानी जो इलाके रेट जोन 5 में थे, उन्हें ज्यादा कर वाले 2 या 1 जोन में शामिल किया जाएगा।

शहर के विस्तार के साथ नई सड़कें विकसित हुई हैं। कई पुराने बाहरी इलाके अब बड़े व्यावसायिक क्षेत्रों में बदल चुके हैं। बायपास से लेकर आउटर क्षेत्र तक होटल, मॉल, बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान बन गए हैं। निगम के रिकॉर्ड में कई संपत्तियां



अभी भी पुराने रेट जोन के हिसाब से दर्ज हैं। अब निगम इन क्षेत्रों की जानकारी जुटा रहा है। इसके पहले पिछले दो बजट में पहली बार 531 और दूसरी बार 108 कॉलोनियों को नए रेट जोन में शामिल किया गया था।

**रेट जोन-1 में जुड़ सकती हैं** नई सड़कें और कॉलोनियां अभी एमजी रोड, एबी रोड और शहर के प्रमुख बाजारों की सड़कों को रेट जोन-1 में रखा गया है। यानी इन क्षेत्रों में संपत्तियों पर सबसे ज्यादा टैक्स लगता है। शहर में कई नई सड़कें भी व्यावसायिक केंद्र बन गई हैं। इसी कारण निगम ने सभी 22 जोन के राजस्व अधिकारियों से जानकारी मांगी है। इन सड़कों को रेट जोन-1 में शामिल करने का प्रस्ताव तैयार किया जा सकता है।

**बैंक-एटीएम हैं तो राहत** संभव निगम एटीएम और बैंकों से लिए जाने वाले टैक्स की राशि में राहत देने जा रहा है। अभी किसी मकान में बैंक या एटीएम हो तो पूरी संपत्ति को व्यावसायिक मानकर रेट जोन-1 के हिसाब से ही टैक्स वसूला जाता है। नई व्यवस्था में जितने हिस्से में बैंक या एटीएम होगा, केवल उतने हिस्से को ही व्यावसायिक माना जाएगा।

कुछ इलाके गलत रेट जोन में हैं, इन्हें संशोधित करेंगे कुछ कॉलोनियां और व्यावसायिक इलाके गलत रेट जोन में थे। इन्हें संशोधित किया जाना है। इसका प्रस्ताव राजस्व विभाग ने बनाया है। मेन रोड की सड़कों की सूची में संशोधन के बारे में अभी कोई प्रस्ताव नहीं बना है।

**- क्षितिज सिंघल, निगमायुक्त**

**रेट जोन बदलने से ऐसे बढ़ता है टैक्स** जब किसी संपत्ति की आईडी बनाई जाती है, तब यह देखा जाता है कि वह मुख्य सड़क या बाजार क्षेत्र में है या नहीं। प्रमुख सड़क पर स्थित संपत्ति को रेट जोन-1 में रखा जाता है। उदाहरण के लिए अगर रेट जोन-3 में व्यावसायिक संपत्ति पर 58 रुपए प्रति वर्ग फीट शुल्क लगता है और वह संपत्ति मुख्य सड़क पर हो, तब इसमें 6 रुपए प्रति वर्ग फीट राशि अतिरिक्त जोड़ी जाती है।

### बेटे ने लगाया था चेक बाउंस का केस, पत्नी और दोनों बहू के नाम करोड़ों का निवेश-प्रॉपर्टी मिली

# लोकायुक्त की टीम कर सकती है बच्चों के नाम पर की गई संपत्तियों की भी जांच

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में लोकायुक्त पुलिस ने महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक लक्ष्मी नारायण कंडवाल को बुधवार सुबह पकड़ा था। उनके घर पर पांच घंटे से अधिक समय तक तलाशी चली। जांच में उनकी पत्नी शारदा, पुत्रवधु तनु और हर्षिता के नाम पर संपत्तियां और निवेश मिले। जिनकी कीमत करोड़ों रुपए में बताई गई है।

**इंदौर के ज्वाइंट डायरेक्टर सूदखोरी में भी रहे शामिल**



यह संपत्ति कंडवाल की ज्ञात आय से काफी अधिक पाई गई है। हालांकि, कंडवाल के बारे में यह जानकारी भी सामने आई है कि उन्होंने नौकरी के दौरान सूदखोरी का काम भी किया। अपने बेटे अभिषेक के नाम से उन्होंने छह चेक बाउंस के मामले दर्ज कराए और बाद में उनमें कोर्ट में समझौता भी किया।

अभिषेक ने वर्ष 2022 में रमेश मलकानी के खिलाफ करीब छह चेक बाउंस के मामले दर्ज कराए थे। इनमें प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में समझौता हुआ था। हालांकि, सभी चेक केसरबाग रोड स्थित एक संपत्ति के सौदे से जुड़े बताए गए थे। चूंकि बाद में इस मामले में रुपए लेकर अभिषेक ने समझौता कर लिया था, इसलिए लेनदेन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, जिस समय अभिषेक और रमेश मलकानी के बीच यह लेनदेन हुआ, उस समय वह पढ़ाई कर रहा था। ऐसे में पढ़ाई के दौरान उसके पास इतनी बड़ी राशि कहां से आई, इसे लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जाता है कि लक्ष्मी नारायण कंडवाल ने अपनी ही संपत्ति से अभिषेक को रुपए देकर इस प्रॉपर्टी संबंधी काम में लगाया था। हालांकि, अब लोकायुक्त की टीम बच्चों के नाम पर की गई संपत्तियों की भी जांच कर सकती है।

#### कंडवाल ने 1986 में शुरू की थी नौकरी

कंडवाल ने वर्ष 1986 में ग्राम सुनाला के माध्यमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में नौकरी शुरू की थी। बाद में वे महिला एवं बाल विकास विभाग में विभिन्न पदों पर पदोन्नत होते हुए संयुक्त संचालक बने। हालांकि, कंडवाल के पुत्र अभिषेक और पवन के नाम पर एक सुपर मार्केट होने की जानकारी भी सामने आई है। जांच में इस व्यवसाय में करीब 35.73 लाख रुपए के निवेश की जानकारी मिली थी, लेकिन लोकायुक्त को कोर्ट में संपत्ति संबंधी मामलों, चेक बाउंस प्रकरणों और समझौते में प्राप्त राशि के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई थी।

#### नौकरी के दौरान यहां रहे कंडवाल

कंडवाल के बारे में जानकारी मिली है कि वे नौकरी के दौरान नीमच, खरगोन, उज्जैन, जबलपुर, भोपाल, रीवा सहित अन्य स्थानों पर पदस्थ रहे हैं। हालांकि, लोकायुक्त अधिकारियों ने उनके परिवार के नाम पर मिली संपत्तियों के आधार पर इन पहलुओं को भी जांच में शामिल किया है। लोकायुक्त पुलिस जल्द ही इस मामले में पूरी संपत्ति का विवरण तैयार कर राज्य शासन को भेजेगी। वहीं, कंडवाल को पद से हटाने के लिए विभाग को पत्र भी भेज सकती है।

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर मंदसौर में उग्र प्रदर्शन, कांग्रेसियों और पुलिस में झड़प, लाठीचार्ज के बाद कई नेता हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त करने के फैसले के विरोध में सोमवार को मंदसौर में जिला युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के संयुक्त तत्वावधान में जिला कांग्रेस कार्यालय से एकत्रित होकर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुए भाजपा जिला कार्यालय का घेराव करने निकले। इस दौरान आक्रोशित कार्यकताओं ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए उसका पुतला दहन भी किया।





सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा गांधी चौराहे से बालाजी मंदिर के बीच पहले से ही बैरिकेडिंग कर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। जैसे ही कांग्रेस की रैली बैरिकेड्स के पास पहुंची, प्रदर्शनकारियों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिससे पुलिस और कार्यकताओं के बीच धक्का-मुक्की और तनावपूर्ण स्थिति बन गई। कई उत्साहित कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर चढ़ गए और सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। पुलिस प्रशासन द्वारा समझाने के बावजूद जब आंदोलनकारी पीछे नहीं हटे और सड़क पर ही धरने पर बैठ गए, तो उन्हें तितर-बितर करने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से पानी की तेज बौछारें (वॉटर कैनन) छोड़ी गईं।

पानी की बौछारों के बाद भी जब रस्साकशी जारी रही, तो पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस की इस सख्ती के कारण दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प हुई, जिसमें युवक कांग्रेस कार्यकर्ता सम्यक जैन सहित दो से तीन कार्यकर्ता मामूली रूप से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए कई प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं को जबरदस्ती घसीटकर वाहनों में बिठाया और हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार कांग्रेस द्वारा बिना अनुमति के इस घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था, जिसके चलते पुलिस ने कार्रवाई की और कार्यकताओं को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

इस पूरे विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल और एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष ऋतिक पटेल ने किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, संगठन प्रभारी अजय लोढ़ा, सोमिल नाहटा, परशुराम सिसोदिया, दीपक गुर्जर और तरुण खींची, इष्टा भाचावत, विकास देशोरा, विनोद शर्मा, सुनीता बंडी, अनीता भदौरिया, योगिता बैरागी, वर्षा सांखला, सोनिया जैन, हरीश पाटीदार, आदर्श जोशी, दुगार्शंकर धाकड आदि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक होगी 16 जून को

बड़वानी । जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 16 जून को प्रातः 11 बजे से जनजातीय कार्य विभाग के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में पूर्व बैठक का कार्यवाही विवरण, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सहकारिता विभाग की समीक्षा की जावेगी।

## हर विकासखंड में लगेंगे किसान मेले

मन्दसौर। कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन के सभाकक्ष में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें कृषि और संबद्ध विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने किसानों को आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक अनुसन्धानों और सरकारी योजनाओं की सीधी जानकारी देने के लिए जिले के सभी विकासखंडों में व्यापक स्तर पर किसान मेले लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कृषि भ्रमण कार्यक्रमों में पूरी पारदर्शिता बरतने की बात कही, ताकि पहले जा चुके किसानों के स्थान पर ग्रामीण क्षेत्रों के नए, युवा और महिला कृषकों के साथ-साथ पशुपालन व मत्स्य पालन से जुड़े प्रगतिशील किसानों को भी आधुनिक कृषि पद्धतियों के व्यावहारिक ज्ञान के लिए प्राथमिकता से शामिल किया जा सके।

## कृति प्रताप जयन्ति पर उन्हें स्मरण करेगी

नीमच। 17 जून 2026 को विक्रम संवत के अनुसार महाराणा प्रताप का 487 वीं जन्म जयन्ति है। मां भारती के महान स्वतन्त्रता प्रेमी सपूत को कृति संस्था स्मरण करेगी। कृति संस्था के सदस्य नीमच सिटी चौराहे पर प्रातः 10 बजे प्रताप प्रतिमा पर माल्यार्पण करेगी । संस्था के सचिव रघुनन्दन पाराशर ने सुधी नगर जनो और कृति के सदस्यों से इस अवसर पर पधारने की अपील की है।

## भगवान जगन्नाथ की भव्य महाआरती आज

मन्दसौर। आज मंगलवार को शिवना नदी के तट पर स्थित 500 वर्ष से अधिक प्राचीन ऐतिहासिक सिद्ध स्थल श्री जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्राजी की भव्य महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। उड़ीसा के पुरी जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति वाले मध्य प्रदेश के इस एकमात्र काष्ठ विग्रह सिद्ध स्थल पर सायं भजन-कीर्तन का प्रवाह शुरू होगा, जिसके पश्चात सायं 7 बजे मुख्य महाआरती संपन्न होगी।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, महिला घायल

मन्दसौर। जिले के दलौदा थाना क्षेत्र के सरसोद फंटो ग्राम आक्या पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने ट्राला क्र. आरजे 09 जीई 3587 के अज्ञात चालक के विरूद्ध दलौदा थाने पर प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा 14 जून का है जिसकी रिपोर्ट प्रवीण पिता मन्नालाल प्रजापत निवासी देहरी थाना भावगढ़ ने की है कि घटना दिनांक को उक्त ट्राले को अज्ञात चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर रमेश प्रजापत व सुमित्राबाई को टक्कर मार दी जिससे घायल रमेश प्रजापत की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

## कार ने दम्पति को टक्कर मारी, पत्नी की मौत

मन्दसौर। जिले के पिपलियामंडी में गायत्री शक्तिपीठ के सामने महू-नीमच हाईवे रोड़ पर कार नं. एमपी 14 सीसी 7764 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर रामसिंह पिता अमरसिंह मइडा निवासी पंथ बोराली थाना पेटलावद जिला झाबुआ की बाइक एमपी 45 एमके 8471 को टक्कर मार दी जिससे रामसिंह घायल हो गया व मृतिका अंजूबाई पति रामसिंह मइडा निवासी पंथ बोराली थाना पेटलावद जिला झाबुआ की मृत्यु हो गई।

## सांसद फिरोजिया एवं विधायक चौहान ने नागदा स्टेशन से कोटा-उज्जैन मेमू को दिखाई हरी झंडी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम,



यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा कोटाझउज्जैन के मध्य नियमित मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माननीय सांसद श्री अनिल फिरोजिया एवं माननीय विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 15 जून 2026 को नागदा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 61624 कोटा उज्जैन मेमू को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन के शुभारंभ से कोटा, नागदा, उज्जैन एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही क्षेत्रीय संपर्क को मजबूती मिलने के साथ दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को विशेष लाभ प्राप्त होगा।

## अंतरराष्ट्रीय मल्लखंब दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

अंतर्राष्ट्रीय मलखंब दिवस के अवसर पर विधायक क्रीड़ा केंद्र, संत कंवर राम नगर विरियाखेड़ी में क्रीडा भारती, जिला मल्लखंब एसोसिएशन, खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रतलाम जिले की विभिन्न टीमों के ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अधिकारी श्रीमती रुचि शर्मा, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष डा.गोपाल जी मजावदिया, पूर्व क्रीडा अधिकारी आर.सी. तिवारी रहे, अतिथियों का स्वागत जिला मल्लखंब संघ के सचिव जितेंद्र धूलिया, जिला समन्वयक दुगार्शंकर मोयल, प्रीति चारपोटा, जितेंद्र राठौर, मुकेश राठौर एवं दुर्गा डामोर ने किया। जितेंद्र धूलिया ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य मल्लखंब खेल को बढ़ावा देना, खिलाड़ियों को प्रतियोगी मंच उपलब्ध कराना तथा युवाओं में खेलों के प्रति रुचि एवं जागरूकता विकसित करना रहा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने पोल मल्लखंब , रोप मल्लखंब एवं हैंगिंग मलखंब की शानदार प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के टेक्निकल के रूप में प्रशिक्षक पवन सिंधल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता में आयुष प्रजापत, तन्वेश जाधव एवं गौरव सोलंकी निर्णायक रहे ।

## लोडिंग टेंपो पलटने से दो मजदूर गंभीर घायल, उपचार जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

सिटी थाना क्षेत्र के भादवा माता मार्ग पर सोमवार दोपहर मजदूरों से भरा एक तीन पहिया लोडिंग टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए द्य जबकि चार अन्य को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, रोजाना की तरह कई मजदूर नीमच सब्जी मंडी स्थित मजदूर चौक पर काम मिलने की प्रतीक्षा कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति कुछ मजदूरों को भादवा माता क्षेत्र में मजदूरी के लिए अपने साथ ले गया। तीन महिला और तीन पुरुष मजदूर पहले बस से जवासा चौराहा पहुंचे,जहां से उन्होंने एक लोडिंग टेम्पो किराए पर लिया और भादवा माता की ओर रवाना हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भादवामाता मुख्य द्वार से कुछ दूरी पहले टेम्पो तेज रफ्तार में था। अचानक मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे टेम्पो सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को वाहन से बाहर निकाला और पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। दुर्घटना में मुकेश पिता सुखराम निवासी शिवगढ़ जिला रतलाम को हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि राजेश पिता बालू (35), निवासी बांसवाड़ा के पैर में गंभीर चोट लगी है। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया , जहां उनका उपचार जारी है।

## विशाल आध्यात्मिक समागम एवं ब्रह्माभोज का आयोजन सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

यह शिव मानसरोवर परिसर नीमच जिले के लिए सुख,शांति बरसाने वाला आध्यात्मिक परिसर सिद्ध होगा, इसमें बनने वाले 1200 से अधिक क्षमता के सत्संग भवन जैसा विशाल हॉल इन्दौर से लेकर जयपुर तक नहीं मिलेगा । इस हॉल में हर प्रकार की डिजीटल सुविधाऐं उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही लगभग एक लाख वर्ग फुट के शिवमानसरोवर में पचास फीट ऊंचा विशाल शिवलिंगाकार मंदिर, मेडिटेशन हाल एवं आर्ट गैलेरी रहेगी । इस परिसर में पर्यावरण सौंदर्य के लिए विशाल बाग-बगीचे, फूल और फल के वृक्ष भी लगाए जाऐंगे तथा वाहनों के पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाएगी । उपरोक्त जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारीज के एरिया डायरेक्टर बी.के.सुरेन्द्र भाई ने सभी ब्रह्मावत्सों से आव्हान किया कि वे अपने मन-वचन-कर्म तथा तन-मन-धन से इस परम पुनीत कार्य में सहयोगी अवश्य बनें । विशाल आध्यात्मिक समागम को संबोधित करते हुए सबझोन इंचार्ज ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने गहरी मन की शांति एवं पारिवारिक जीवन में तनाव मुक्त खुशहाल जीवन शैली के लिए अनेक सहज आध्यत्मिक टिप्स दिये ।

## कलेक्टर ने शस्त्र रखने के आरोपियों के विरूद्ध अभियोजन चलाने की दी स्वीकृति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के प्रतिवदेन के आधार पर अवैध शस्त्र रखने पर शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 39 के अंतर्गत पलसूद निवासी तबरेज पिता फारूक शाह एवं उण्डीखोदरी निवासी राहुल पिता दिलीप सिंह सिकलीगर के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में अभियोजन चलाने की स्वीकृति प्रदान की है।

# वैचारिक अनुष्ठान के समापन अवसर पर महिलाओं ने साझा किऐ अपने अनुभव

## मालवा विचार मंथन के समापन पर हुई महिला संगोष्ठी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा



समग्र मालवा द्वारा आयोजित वैचारिक अनुष्ठान मालवा विचार मंथन के तीसरे एव अंतिम दिन महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नगर के विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किये।

महिला संगोष्ठी की मुख्य अतिथि राखी कोठारी एवं कार्यक्रम के विशेष अतिथि करिश्मा भंडारी उपस्थिति रही । महिला संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण के साथ हुआ ईष्ट वंदना प्रमिला धारीवाल व्यक्त की । अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अर्चना करनावट, किरण सोनी , कोकिला उपमन्यु , अवनी कोठारी, संस्था प्रमुख अभय कोठारी ,जगदीश उपमन्यु ,महासचिव महेश शर्मा , विनोद चोरसिया आदि ने किया ।

वैचारिक अनुष्ठान मे आयोजीत महिला संगोष्ठी मे राखी कोठारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि परिवारी के जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए समय बंध कार्यक्रम की योजना प्रारंभ हो जाती है जो रात्रि तक चलती है । इस दौरान अपने जिम्मेदारियां के साथ ही परिवार के साथ बैठकर परस्पर विचार विमर्श से पारिवारिक एकजुटता के प्रयास समस्याओं से दुर रखते हे ।

आईटी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए अवनी कोठारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करते हुए निरंतर कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है सॉफ्टवेयर इंजीनियर का क्षेत्र काफी व्यापक हो गया है और बड़ी संख्या में युवा इसमें अपनी भूमिका प्रदान कर रहे हैं इस क्षेत्र की अच्छाइयों पर ही ध्यान देने से बुराइयों को नियत्रंण किया जा सकता हे। अगर निष्ठा के साथ में अपने कार्य को लगन से किया जाए तो अच्छाई की ओर ही ध्यान जाएगा ओर नए संभावनाओं पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। पूर्व पार्षद प्रमिला धालीवाल ने कहा कि गरीब लोगों की मदद करते हुए मन को अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव होता है। करिश्मा भंडारी ने कहा कि समाज में पुरुष वर्ग की प्रधानता होने से महिलाओं की ओर कम ही ध्यान दिया जाता है। परंतु महिलाएं अगर अपने कार्यक्षेत्र पर पूर्ण ध्यान दें और सहयोगी बनकर अपने परिवार का व्यवसायिक सहयोग प्रदान करेंष

## निमार्णाधीन शिव मान सरोवर में विशाल आध्यात्मिक समागम एवं ब्रह्माभोज का आयोजन सम्पन्न

नीमच। शिव मानसरोवर परिसर नीमच जिले के लिए सुख,शांति बरसाने वाला आध्यात्मिक परिसर सिद्ध होगा, इसमें बनने वाले 1200 से अधिक क्षमता के सत्संग भवन जैसा विशाल हॉल इन्दौर से लेकर जयपुर तक नहीं मिलेगा । इस हॉल में हर प्रकार की डिजीटल सुविधाऐं उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही लगभग एक लाख वर्ग फुट के शिवमानसरोवर में पचास फीट ऊंचा विशाल शिवलिंगाकार मंदिर, मेडिटेशन हाल एवं आर्ट गैलेरी रहेगी। पर्यावरण सौंदर्य के लिए विशाल बाग-बगीचे, फूल और फल के वृक्ष भी लगाए जाऐंगे तथा वाहनों के पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाएगी । जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारीज के बी.के.सुरेन्द्र भाई ने सभी ब्रह्मावत्सों से आव्हान किया कि वे अपने मन-वचन-कर्म तथा तन-मन-धन से इस परम पुनीत कार्य में सहयोगी अवश्य बनें ।

# स्व. नाहर परिवार की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर व वृक्षारोपण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर एवं वृक्षारोपण का आयोजन स्व. मदनलाल नाहर एवं स्व. संगीता नाहर की पुण्य स्मृति में किया गया।शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी , बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था तथा लायंस क्लब स्फटिक के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। उक्त शिविर का आयोजन रेडक्रॉस परिसर सिविल हॉस्पिटल, में आयोजित किया गया ।जिसमे नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से पधारे रक्त दाताओ ने रक्त दान किया जिनसे 109 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया ।

आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में सहयोग देने की अपील की । रक्तदान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आयोजकों का कहना है कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकता है। रक्तदान हेतु सभी संस्थाओं द्वारा आग्रह किया गया कि ज्यादा से ज्यादा रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा करे ।स्व. नंदलाल तोदी ट्रस्ट की ओर से रक्तदाताओं को फल एवं बिस्किट वितरित किए गए । कार्यक्रम में रतलाम रेडक्रॉस से चेयरमेन प्रितेश गादिया, कोषाध्यक्ष संजय लुनिया, राजेश रांका, हेमंत मूणत, दिनेश सिंह बरमेचा की विशेष उपस्थिति रही ।

इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में ब्लड बैंक प्रभारी कमलेश यादव एवं जावरा लेब प्रभारी भारत सिंह सोलंकी की महती भूमिका रही भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सभी रक्तदाताओं का पुष्प माला ,प्रशस्ति पत्र और वस्तु पुरुस्कार से सम्मानित किया ।वहीं दसेडा परिवार द्वारा सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया । सिविल अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण भी संस्थाओ द्वारा किया गया । इस अवसर पर रेडक्रॉस चेयरमेन वीरेंद्र सिसोदिया वाइस चेयरमैन प्रदीप दसेड़ा कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मिडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह तोमर , डायरेक्टर नरेश मारवाड़ी, नंदकिशोर माँदलिया उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...




## मंदसौर के वैज्ञानिक डॉ. रुचिर पाटीदार लंदन में सम्मानित

मन्दसौर। भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय में कार्यरत और मंदसौर के रावटी गांव के मूल निवासी युवा वैज्ञानिक डॉ. रुचिर पाटीदार को लंदन में प्रतिष्ठित च्द ह्यूग रॉबर्ट मिल अवॉर्डज् से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पाने वाले वे पहले भारतीय और विश्व के 31वें वैज्ञानिक हैं। डॉ. पाटीदार ने भारत के 14 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में पिछले 72 वर्षों के मौसम संबंधी आंकड़ों का गहन तकनीकी विश्लेषण कर यह शोध किया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण देश में वर्षा कम हो रही है और तापमान बढ़ रहा है, जिसका सबसे गंभीर असर गंगा के मैदानी राज्यों (यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल) पर पड़ेगा। रॉयल मेटियोरोलॉजिकल सोसाइटी ने उनके इस व्यावहारिक शोध को राष्ट्रीय महत्व की एक बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धि बताया है।

## अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ जन दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस कार्यक्रम आयोजन

नीमच। जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री हिमांशु चन्द्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ एवं प्रशासक श्री अमन वैष्णव व जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक प्रशासक सुश्री अंकिता पंड्या के निर्देशन में भारतीय रेडकास सोसायटी जिला नीमच द्वारा दिनांक 15 जून 2026 को सांय 4 बजे रेडकास भवन के हॉल में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ / वृद्धजन दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेडकास सचिव डॉ. स्वप्निल वधवा द्वारा उपस्थित वरिष्ठजनों को फूलमाला पहनाकर उनका सम्मान किया गया एवं वरिष्ठजनों को स्वास्थ्य एवं बिमारीयों के उपचार की जानकारी दी गई। किशोर न्याय बोर्ड के पूर्व सदस्य डॉ. के.के. जैन द्वारा उपस्थित वरिष्ठजनों को सामाजिक, पारिवारिक दुर्व्यवहार के बारे में कानुनी जानकारी देकर जागरूक किया। योग गुरु श्री गुणवंत गोयल द्वारा सभी को योग प्रणायाम के माध्यम से स्वस्थ्य रहने के उपाय बतायें। एवं जगमोहन कटारिया द्वारा सामाजिक दुर्व्यवहार के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठजनों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव बताएं। कार्यक्रम में लगभग 40 वरिष्ठजन एवं रेडकास के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## देश, वेश, परिवेश से कट कर जीते दिखते लोग - प्रोफेसर राही

जनवादी लेखक संघ की काव्य गोष्ठी संपन्न

नीमच। जनवादी लेखक संघ नीमच की मासिक गोष्ठी का आयोजन संस्था के कार्यालय में किया गया, जिसमें विवेक मेहता ने मावठा लघु कथा का वाचन किया। श्रीमती मंजुला धीर ने पलाश तुम खिलते वृक्ष पर हो/पर बसते मन में हो, कविता सुनाई। आर एस शर्मा ने चापलूसी पसंद लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा, मीठी होती है तारीफ चाहे झूठी हो। हाजी एम.जेड.कुरैशी ने कहा, ए शाहीदे ए जिंदगी तूने भूले से भी हम गरीबों के जानिब नहीं देखा, रचना सुनाई। नवोदित कवि दिव्यांशु बाबा ने खामोशी ओढ़े जनता को आव्हान करते हुए सुनाया, सुनो अब तो आवाज उठा लो। शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने वर्तमान हालात बयां करते हुए कहा, रोज मारे जा रहे हैं इंसान और इंसानियत। किशोर जेवरिया ने, बादलों के मार्फत अपना संदेश देती रचना टांक दिए हैं बादलों के दामन में मैंने अपने ख्वाब पढ़ी। वसीम खान ने कहा जख्म बहुत है दौर- ए- वक़्त की कहानी में। नितेश अरिंग ने कहा, शजर की तरह सबको सहारा दिया है बशर ने। जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष निरंजन गुप्त रही ने नवगीत परिवेश से कटकर जीते लोग का पाठ किया इस अवसर पर संस्था के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सुनील शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया बूथ सशक्तिकरण का मंत्र



मंदसौर। जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित मासिक कामकाजी बैठक में संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण के बल पर ही भाजपा आज देश और प्रदेश में मजबूत स्थिति में है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को बूथ स्तर तक जाकर सरकार की योजनाओं और नीतियों को पहुंचाने तथा संगठन को सर्वव्यापी बनाने के निर्देश दिए।भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया कि प्रदेश संगठन की मंशानुरूप पिछले माह मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर की बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के च्मन की बातज् कार्यक्रम और उनके सेवा, समर्पण व जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिले के अधिकांश बूथों पर ऐतिहासिक सांगठनिक कार्य किए गए हैं। बैठक में जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा पदाधिकारी शिवराज सिंह राणा, विजय सुराणा, महेश जूनवाल, गौरव अग्रवाल, रेखा मांदलिया, जीवन शर्मा, उपस्थित थे।

# स्टोन क्रेशर भूमि लगाने के लिए रंगदारी में 3 लाख की मांग का आरोप, पीड़ित ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› आलोट



ताल तहसील के ग्राम माल्या में स्टोन क्रेशर के लिए आवंटित भूमि को लेकर विवाद फिर चर्चा में है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी आलोट निवासी मनोज उंटवाल ने थाना ताल में लिखित शिकायत देकर अलसी नागदा निवासी अशोक गुर्जर एवं अन्य पर ३ लाख रुपये मांगने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

मनोज ऊंटवाल ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि शासन के नियमों के अनुसार संगीता पति मनोज ऊंटवाल को ग्राम पंचायत माल्या के सर्वे नंबर 110 की लगभग ३ हेक्टेयर शासकीय भूमि गिट्टी और रेत प्लांट के लिए लीज पर आवंटित हुई है। निर्माण शुरू होने के बाद कुछ लोगों ने विरोध करते हुए ज्ञापन दिया, धरना किया और भूख हड़ताल भी की।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब इन प्रयासों से काम नहीं रुका तो आरोपियों ने सीधे उनसे संपर्क कर रुपये मांगे। आरोप है कि अशोक गुर्जर ने पहले फोन कर मुलाकात का समय लिया। इसके बाद महिदपुर रोड स्थित कलुखेड़ी फंटे पर मुलाकात हुई। मनोज का दावा है कि इस बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके पास है।

**3 लाख मांगने और धमकी देने का आरोप**

शिकायत में कहा गया है कि बातचीत के दौरान उनसे ३ लाख रुपये मांगे गए। कहा गया कि राशि देने पर आंदोलन, धरना और विरोध प्रदर्शन बंद करा दिए जाएंगे। आरोप है कि रुपये न देने पर निर्माण रुकवाने, आंदोलन फिर शुरू करने और सामाजिक माहौल खराब करने की धमकी दी गई। बाद में 1.50 लाख रुपये की मांग भी की गई। मनोज ने शिकायत में लिखा है कि अशोक गुर्जर ने पूर्व में नागदा क्षेत्र में एक आंदोलन खत्म कराने के बदले 15 लाख रुपये लेने की बात भी कही थी। रतलाम कलेक्टर के समक्ष उनके खिलाफ शिकायत कराकर उन्हें धारा151 में जेल भी भिजवाया गया था, ऐसा आरोप भी लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार नेपाल के विदेशी नंबर सहित अन्य नंबरों से व्हाट्सएप कॉल और चैट की गई। कॉल रिकॉर्डिंग और चैट के स्क्रीनशॉट उनके पास मौजूद हैं। मनोज का कहना है कि जब मांग पूरी नहीं हुई तो कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किए और आवंटित भूमि पर गौशाला बनाकर बोर्ड लगाने की सार्वजनिक घोषणा कर दी।

**पुलिस को सौंपे साक्ष्य, जांच की मांग**

मनोज उंटवाल ने पुलिस को ऑडियो रिकॉर्डिंग, व्हाट्सएप कॉल रिकॉर्डिंग, चैट स्क्रीनशॉट, सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो, फोटो और अन्य दस्तावेज साक्ष्य के तौर पर देने की बात कही है। उन्होंने थाना ताल पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## जनकल्याण शिविरों का जायजा लेने कलेक्टर निरीक्षण पर निकले

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले भर में आयोजित किए जा रहे जनकल्याण शिविरों का जायजा लेने सोमवार को कलेक्टर हर्ष सिंह निरीक्षण पर निकले। उन्होंने बहादरपुर ग्राम पंचायत सहित नगर निगम क्षेत्र के रेडक्रॉस भवन और तिलक हॉल में चल रहे शिविरों की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविरों का उद्देश्य महज औपचारिकता पूरा करना नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर हर्ष सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों, स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्था और पंजीयन प्रक्रिया की गहन समीक्षा की। उन्होंने शिविर में मौजूद ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों को लंबित न रखा जाए, बल्कि उनका मौके पर ही नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाए।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविरों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए नागरिकों के लिए सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था और सुलभ वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों का संचालन इस तरह हो कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी परेशानी के सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके। १२ जून से जारी इन शिविरों के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, एसडीएम अजमेर सिंह गौड़ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एम.पी. ट्रांसको नागदा में आयोजित हुई सबस्टेशनों के संचालन एवं सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण कार्यशाला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सबस्टेशन संचालन एवं सुरक्षा से संबंधित व्यापक प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में उज्जैन जिले के नागदा टेस्टिंग डिवीजन मुख्यालयों मे यह कार्यशाला अधीक्षण अभियंता श्री शेखर फटाले के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यशाला में सबस्टेशन मेंटेनेंस एवं आपरेशन कार्यों के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सुरक्षा प्रक्रियाओं को बिंदुवार रूप से समझाया गया एवं कार्यस्थल पर लापरवाही रोकने के महत्व पर विशेष जोर देते हुए दुर्घटनाओं से बचाव के लिए व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी, जिससे कार्मिकों एवं उपकरणों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रशिक्षण सत्र के दौरान श्री फटाले ने एम.पी. ट्रांसको की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के अंतर्गत निर्धारित स्टेंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) एवं सेफ्टी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने पर बल दिया। प्रतिभागियों को सुरक्षित कार्य पद्धतियों, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत पारेषण बनाए रखने के लिए समन्वित टीमवर्क के रूप में कार्य करने के प्रति जागरूक भी किया गया। कार्यशाला में क्षेत्र के अभियंताओं, एवं तकनीकी स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता की।

## पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या पर आस्था का सैलाब, नर्मदा तट पर उमड़े हजारों श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर



परम पुण्यदायी पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) में आई सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर मंडन मिश्र की धर्मनगरी मंडलेश्वर में आस्था का अद्भुत और दिव्य संगम देखने को मिला। मां नर्मदा जी के पवित्र तट पर अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा दान, पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। पूरे नगर में दिनभर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।

सुबह करीब 4 बजे से ही मां नर्मदा के घाटों पर श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया, जो देर शाम तक लगातार जारी रहा। अनुमानित 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता और कल्याण की कामना की।

श्रद्धालुओं में मंडलेश्वर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तथा मालवा अंचल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।सोमवती अमावस्या के महत्व को देखते हुए श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा जी स्नान के बाद दान-पुण्य, पूजन-अर्चन, दीपदान और आरती कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। महिलाओं ने विशेष रूप से शिवालयों एवं विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर बड़ी बत्ती प्रज्ज्वलित की, त्रिवेणी का पूजन कर उसके फेरे लगाए और परिवार की सुख-शांति की कामना की। पुरुषोत्तम मास के अवसर पर नगर के प्राचीन जूना श्रीराम मंदिर में विगत एक माह से चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का सोमवती अमावस्या पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूणार्हुति समारोह संपन्न हुआ। पंडित श्री पंकज मेहता ( गुरू जी ) एवं यज्ञाचार्यों के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और धर्म की उन्नति की प्रार्थना की। महायज्ञ की पूणार्हुति के पश्चात श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ के कारण नगर में वाहनों का भारी दबाव भी देखने को मिला। सैकड़ो मोटरसाइकिलों के अलावा लगभग 500 से 600 कार एवं अन्य चार पहिया वाहनों की पार्किंग पूरी तरह भर गई। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण दिनभर नगर के प्रमुख मार्गों पर चहल-पहल बनी रही।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और वाहनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए मंडलेश्वर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। सुबह से ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों का नगर में प्रवेश शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए मंडलेश्वर थाना प्रभारी पंकज तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पूरे नगर में यातायात व्यवस्था की कमान संभाली।

# टाईम पास

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ








## जोक्स

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे।
तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!
00000000000

संता - सुबह-सुबह पड़ोसन बोल रही थी कि मेरे पेट में चूहे दौड़ रहे हैं...
बंता - तो फिर तुमने क्या किया...?
संता - मैंने उसे चूहे मारने की दवा खिला दी...
दो घंटे से सो रही है,
थैंक्यू भी नहीं बोला...!!!
00000000000

## वर्ग पहेली



वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. अंगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. मांड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 3 | | 24 | | 3 | = | 36 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 10 | | 41 | | 8 | = | 64 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 2 | | 1 | | 10 | = | 1 |
| | | | | | | | | |
| 35 | | 10 | | 29 | | 15 | = | 31 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 5 | | 5 | | 36 | | 19 | = | |

संकेत

## शब्दों का जाल



## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 4 | 5 | | | 1 |
| | 28 | 1 | 36 | | 30 | |
| 3 | | | 6 | 7 | | 2 |
| | 36 | 2 | 37 | | 25 | |
| 4 | 5 | | | | | 3 |
| | 33 | 7 | 37 | 4 | 33 | 5 |
| 1 | | 3 | 4 | | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


**माथा पच्ची का हल**

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | + | 42 | + | 3 | - | 8 | = | 77 |
| - | | + | | - | | + | | - |
| 35 | - | 15 | x | 3 | - | 50 | = | 10 |
| + | | - | | + | | - | | - |
| 25 | + | 35 | x | 1 | - | 25 | = | 35 |
| - | | + | | + | | - | | + |
| 23 | x | 3 | - | 9 | + | 4 | = | 15 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 7 | + | 25 | + | 10 | - | 29 | = | |

**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 38 | 3 | 32 | 1 | 27 | 7 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 32 | 2 | 32 | 7 | 33 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 24 | 1 | 36 | 4 | 30 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकु नवताल

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

### राजस्थान के चूरू में रेत का बवंडर

# दिल्ली में 92 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं मानसून उत्तर प्रदेश -छत्तीसगढ़ की बॉर्डर पर पहुंचा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना

देश के 9 राज्यों में प्री मानसून एक्टिव है। राजस्थान समेत 9 राज्यों में बारिश हो रही है। यूपी के बदायूं में सोमवार को तेज बारिश के साथ ओले गिरे। मथुरा, गाजियाबाद, अलीगढ़ और मेरठ ममें तेज बारिश हुई। तेज आंधी में एक बड़ा पेड़ चलते ऑटो पर गिर गया। हादसे में ऑटो सवार युवती की मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया।

इधर, राजस्थान के चूरू, झुंझुनू और सीकर में सोमवार दोपहर रेत का बवंडर उठा। चुरू में कुछ मिनटों में पूरा शहर धूल से भर गया। दिन में अंधेरे जैसी स्थिति हो गई। कोटपूतली-बहरोड़ में पहले बवंडर आया और फिर बारिश हुई। झुंझुनूं में गर्मी के चलते प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा बेहोश हो गए। वे अचानक सड़क पर गिर गए। पूर्व मंत्री ने हॉस्पिटल जाने से मना कर दिया। पंजाब के पठानकोट में एक कच्चे घर की दीवार गिर गई, जिससे एक व्यक्ति, उसकी बहन और दो बच्चे मलबे में दबने से घायल हो गए। दिल्ली के कई इलाकों में भी धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलीं। इसके बाद तेज बारिश भी हुई। पालम मौसम केंद्र पर दोपहर 2:30 बजे हवा की रफ्तार 92 किलोमीटर घंटा दर्ज की गई।

## सैटेलाइट तस्वीरों में देश से मानसूनी बादल गायब

भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। 15 जून की सैटेलाइट तस्वीरों में देश के बड़े हिस्से से मानसूनी बादल गायब दिखाई दिए। मौसम विभाग के मुताबिक, 4 जून से 15 जून के बीच देश में सामान्य 53.7 मिमी के मुकाबले सिर्फ 19.2 मिमी बारिश हुई। यानी बारिश में 64% की कमी दर्ज की गई है।

मानसूनी गतिविधियां कमजोर होने से 16 राज्यों में बारिश का इंतजार बढ़ गया है। इनमें राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली शामिल हैं।

मानसून दक्षिण भारत से आगे बढ़ने के बाद महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के आसपास ठहर गया है। पूर्वोत्तर राज्यों को कवर करने के बाद यह बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में रुक गया है। इधर, राजस्थान के चूरू, झुंझुनू और सीकर में सोमवार दोपहर रेत का बवंडर उठा। चुरू में कुछ मिनटों में पूरा शहर धूल से भर गया। दिन में अंधेरे जैसी स्थिति हो गई। दिल्ली के कई इलाकों में भी धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलीं। इसके बाद तेज बारिश भी हुई। पालम मौसम केंद्र पर दोपहर 2:30 बजे हवा की रफ्तार 92 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून के कमजोर होने की वजह समुद्र में नमी की कमी नहीं, बल्कि ऊपरी वायुमंडल की हवाओं का असामान्य पैटर्न है। इस बार पश्चिमी जेट स्ट्रीम सामान्य से ज्यादा दक्षिण की ओर खिसक गई है, जिससे मानसून को आगे बढ़ाने वाली हवाएं प्रभावित हो रही हैं। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में पर्याप्त नमी के बावजूद बादल नहीं बन पा रहे हैं। इससे मानसून के आगे बढ़ने पर फिलहाल ब्रेक लग सकती है। हालांकि अगले कुछ दिनों में इसके आगे बढ़ने की संभावना है। मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में प्री-मानसून बारिश जारी है।

# पीएम मोदी को स्लोवाकिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस से नवाजे गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्लोवाकिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यद ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)ह्ल से नवाजा गया है। राजधानी ब्रातिस्लावा में उन्हें सम्मानित किया गया। पीएम मोदी यहां दो दिन के दौरे पर आए थे।

सम्मान मिलने पर पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा - वह इसके लिए स्लोवाकिया की सरकार और वहां के लोगों के आभारी हैं। यह सम्मान भारत के 140 करोड़ लोगों का है और इसे भारत-स्लोवाकिया की मजबूत एवं स्थायी दोस्ती को समर्पित करते हैं।

इससे पहले मोदी और स्लोवाकियन पीएम रॉबर्ट फिको के बीच बातचीत के बाद द्विपक्षीय डिफेंस और ट्रेड डील हुई। ब्रातिस्लावा के महल में स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको से मुलाकात के बाद मोदी ने फिको को भारत आने का न्योता भी दिया।

भारत और स्लोवाकिया ने द्विपक्षीय संबंधों को ह्यव्यापक साझेदारीह्ल (कॉम्प्रिहेंसिव पार्टनरशिप) के स्तर तक अपग्रेड करने का फैसला किया। दोनों देशों के बीच प्रवासन, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए।



### स्लोवाकिया में 9 हजार से ज्यादा भारतीय

स्लोवाकिया में 9,200 से ज्यादा भारतीय रहते हैं। स्लोवाकिया में भारतीय आईटी सेवाओं, डेवलपमेंट सेंटर्स और तकनीकी क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। स्लोवाकिया के शेंगेन (यूरोपी देशों का समूह जहां एस वीजा से एंट्री मिलती है) देश होने की वजह से भारतीयों को एक ही वीजा पर 26 देश घूमने की सुविधा मिलती है। स्लोवाकिया हर साल 10 लाख से ज्यादा पैसेंजर गाड़ियों का उत्पादन करता है। यहां वोक्सवैगन, किआ, जगुआर लैंड रोवर और वोल्वो की फैक्ट्रियां हैं। ऑटोमोटिव सेक्टर स्लोवाकिया की ऋद्ध का 14% हिस्सा है। भारत ने 2025 में स्लोवाकिया को लगभग ?14500 करोड़ का निर्यात किया। इसमें गाड़ियों के छोटे पार्ट्स मोबाइल फोन, टेक्सटाइल और कपड़े शामिल हैं। स्लोवाकिया की कामकाजी आबादी में हर साल 15 से 20 हजार लोगों कम हो रहे हैं। इस वजह से विदेशी कामगारों की मांग लगातार बढ़ रही है। भारत स्लोवाकिया से गाड़ियों, बड़ी औद्योगिक मशीनरी, इंटीग्रेटेड इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रोसेस्ड रबर आयात करता है। भारत और स्लोवाकिया के बीच 2025 में लगभग 17000 करोड़ का व्यापार हुआ।

### मोदी-मैक्रों की द्विपक्षीय बैठक, 13 बड़े समझौते हुए

रविवार को फ्रांस के नीस शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ रविवार को द्विपक्षीय बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी शामिल रहे। इस दौरान दोनों देशों के बीच 13 बड़े समझौते हुए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में रक्षा, व्यापार, टेक्नोलॉजी, स्पेस और शिक्षा पर बात हुई। दोनों देशों ने अगले 5 वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने के लिए एक हाई-लेवल सिस्टम और इकोनॉमिक सिक्योरिटी डायलॉग की शुरूआत की है। इससे पहले दोनों नेताओं ने ह्यभारत इनोवेट्स 2026ह्ल प्रोग्राम का उद्घाटन किया, जिसमें भारत, फ्रांस और अन्य देशों के स्टार्टअप्स और वेंचर कैपिटल फंड्स ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम के बाद राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री मोदी को नीस के पास स्थित विला केरीलोस घुमाने ले गए। यह फ्रांस की प्रसिद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है। मैक्रों ने यहां पीएम के साथ सेल्फी ली और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया।

## शिमला में मूसलाधार बारिश, कई जगह भारी ओलावृष्टि, अगले 3 घंटे सात जिलों में ऑरेंज अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में दोपहर बाद चार बजे से भारी बारिश हो रही है। तेज बारिश से शिमला की सड़कें जलमग्न हो गई। इससे स्कूली बच्चों को घर लौटने में परेशानी हुई। शिमला जिला के कुफरी, फागू, चौपाल इत्यादि क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। किन्नौर में भी सुबह 5.30 बजे ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने ताजा बुलेटिन जारी कर रात नौ बजे तक चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, हमीरपुर और सिरमौर जिलों में तेज बारिश के साथ आंधी व तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। लाहौल स्पीति और किन्नौर की ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात के भी आसार है। तेज बारिश के दौरान खतरे वाली जगह नहीं जाने, बिजली उपकरणों के प्लग निकालने और नदी नालों के आसपास नहीं जाने की सलाह दी गई है। राज्य के अधिकांश भागों में अगले छह दिन तक बारिश का दौर जारी रहेगा। 20 जून के बाद कभी भी मानसून की एंट्री हो सकती है। राज्य में सामान्य तौर पर मानसून 22 से 25 जून के बीच दस्तक देता है। इस बार भी मानसून के निर्धारित समय के आसपास पहुंचने के संकेत हैं। बारिश के बाद अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है। हालांकि, रविवार को राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहने के कारण औसत अधिकतम तापमान 6.2 डिग्री का उछाल दर्ज किया गया है।

# आधार कार्ड का इस्तेमाल सिर्फ पहचान के लिए हो

### याचिका में दावा- अभी पता और जन्मतिथि का सबूत माना जा रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट आज आधार कार्ड के इस्तेमाल को लेकर दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा। याचिका में कहा गया है कि आधार कार्ड का इस्तेमाल पहचान पत्र से आगे बढ़कर नागरिकता, निवास और जन्म तारीख के प्रमाण के रूप में किया जा रहा है, जबकि कानून इसकी अनुमति नहीं देता।

अश्विनी कुमार उपाध्याय की तरफ से दायर याचिका नागरिकता और पहचान का भ्रम में मांग की गई है कि आधार कार्ड के इस्तेमाल को सिर्फ पहचान की पुष्टि तक सीमित करने के निर्देश दिए जाएं। याचिका में यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि नए वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए एप्लीकेशन फॉर्म में जन्म तिथि और निवास के सबूत के तौर पर आधार का इस्तेमाल, आधार एक्ट 2016 की धारा 9, फ्द्धअ 1950 की धारा 23(4) और संविधान के अनुच्छेद 14 के खिलाफ माना जाए।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस वी मोहना की बेंच सुनवाई कर सकती है। आधार अधिनियम की धारा 9 स्पष्ट रूप से बताती है कि आधार नागरिकता या डोमिसाइल का प्रमाण नहीं है।

### घुसपैठियों और अवैध प्रवासियों को आसानी से मिल रहे दूसरे दस्तावेज

आधार का इस्तेमाल स्कूलों में एडमिशन, संपत्ति खरीदने, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने जैसी प्रक्रियाओं में उम्र, नागरिकता और निवास के प्रमाण के रूप में किया जा रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि इसी वजह से घुसपैठिए और अवैध प्रवासी भी आधार के आधार पर अन्य दस्तावेज हासिल कर रहे हैं।

याचिकाकर्ता ने वोटर रजिस्ट्रेशन वेरिफिकेश प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। याचिका के अनुसार फॉर्म-6 के तहत दस्तावेजों की जांच पर्याप्त नहीं है और इससे ऐसे लोगों के नाम भी मतदाता सूची में शामिल हो सकते हैं जिनके पास जरूरी वैध दस्तावेज नहीं हैं। याचिका में चुनावी प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाले सत्यापन ढांचे में व्यापक सुधार की मांग की गई है। इसके साथ ही एक उच्चस्तरीय निगरानी समिति बनाए जाने का सुझाव दिया गया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और फॉरेंसिक विशेषज्ञ शामिल हों।




# देश के प्रमुख ठिकानों पर ड्रोन अटैक की आशंका, केंद्र का सुरक्षा एजेंसियों को सिक्योरिटी बढ़ाने का आदेश


केंद्र सरकार ने चेतावनी दी है कि सीमाओं पर मौजूद हमारे महत्वपूर्ण ठिकानों पर दुश्मन ड्रोन हमला कर सकता है।

द हिंदू की खबर के मुताबिक, जहाज और जलमार्ग मंत्रालय के समुद्री सुरक्षा विंग ने जमीन और समुद्री सीमाओं के पास मौजूद महत्वपूर्ण संपत्तियों और ठिकानों पर ड्रोन अटैक को लेकर अलर्ट जारी किया है।

मंत्रालय के जारी पत्र में लिखा है हमें जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने होंगे और खासकर सीमा के पास बने अपने ठिकानों को इन खतरनाक ड्रोनों से बचाने के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाने होंगे। दुनिया के मौजूदा हालातों को देखकर यह साफ है कि दुश्मन के ड्रोन हमारे जरूरी ठिकानों के कामकाज को ठप कर सकते हैं इस चेतावनी के बाद सुरक्षा एजेंसियां देशभर के खास ठिकानों को सुरक्षित रखने के लिए एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने में जुट गई हैं।

गृह मंत्रालय ने भी सीमा सुरक्षा बल के तहत एक खास कमेटी बनाई है। इस कमेटी का काम भारत के लिए सबसे अच्छे एंटी-ड्रोन सिस्टम को जांचना और पास करना है। सूत्रों ने बताया कि इरत्रऋपाकिस्तान सीमा से सटे पंजाब के इलाकों में इन सिस्टमों को लगाने की तैयारी कर रही है, और इसके लिए बकायदा ट्रायल भी शुरू हो चुके हैं।

इसके साथ ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने भी एक टीम बनाई है। इस टीम में रक्षा अनुसंधान संगठन, इंटेलिजेंस ब्यूरो, एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी शामिल हैं, जो देश के महत्वपूर्ण ठिकानों का दौरा कर रहे हैं। इस टीम की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद ही तय होगा कि किस ठिकाने पर कौन सा एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया जाएगा।




## तमिलनाडु में देश का पहला पोर्ट जहां एंटी-ड्रोन सिस्टम

तमिलनाडु के थूथुकुडी में वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट मौजूद है। पोर्ट की सिक्योरिटी के लिए फरवरी 2026 में यहां एडवांस एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया गया। ऐसा सिस्टम अपनाने वाला यह देश का पहला पोर्ट है। इसके लिए बंदरगाह ने सरकारी कंपनी 'सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड' के साथ एक समझौता किया है।

इस प्रोजेक्ट के तहत रेडियो फ्रीक्वेंसी और रडार पर आधारित एक ऐसा सिस्टम लगाया जा रहा है, जो न सिर्फ दुश्मन के ड्रोन को पहचान लेगा बल्कि उसे जैम (ठप) भी कर देगा। यह सिस्टम बंदरगाह के माहौल के हिसाब से तैयार किया गया है जो चारों तरफ (360-डिग्री) नजर रखेगा। यह कदम देश की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार के 'अमृत काल विजन 2047' और 'मैरीटाइम इंडिया विजन 2030' के लक्ष्यों के तहत उठाया गया है।



■ वर्ष-12 अंक-223 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 16 जून, 2026

### सुभाषितानि

लालनाद् बहवो दोषास्ताडनाद् बहवो गुणाः।
तस्मात्पुत्रं च शिष्यं च ताडयेन्न तु लालयेत्॥

**भावार्थ** : अधिक लाड़ से अनेक दोष तथा अधिक ताड़न से गुण आते हैं। इसलिए पुत्र और शिष्य को लालन की नहीं ताड़न की आवश्यकता होती है।

शैले शैले न माणिक्यं मौक्तिकं न गजे गजे।
साधवो न हि सर्वत्र चन्दनं न वने वने॥

**भावार्थ** : न प्रत्येक पर्वत पर मणि–माणिक्य ही प्राप्त होते हैं न प्रत्येक हाथी के मस्तक से मुक्ता–मणि प्राप्त होती है। संसार में मनुष्यों की कमी न होने पर भी साधु पुरुष नहीं मिलते। इसी प्रकार सभी वनों में चन्दन के वृक्ष उपलब्ध नही होते।

## पार्षदयोः विरुद्धं साम्प्रदायिकसौहार्दं भङ्गयितुं विभिन्नसमूहानां

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

अभियोगः अस्ति यत् समागमस्य समये काङ्ग्रेस-पार्षदः फौजिया अलीमः 'वन्दे मातरम्' इति गायितुं न अस्वीकृतवती। कथ्यते यत् काङ्ग्रेस-पार्षदा रुबीना खानः अपि तस्याः समर्थनं कृतवती। तदनन्तरं एषः विषयः राजनैतिक सामाजिकविमर्शस्य विषयः अभवत्। एमजी रोड् पुलिसेन शिकायतया आधारेण द्वयोः पार्षदयोः विरुद्धं साम्प्रदायिकसौहार्दं भङ्गयितुं विभिन्नसमूहानां मध्ये वैरभावं प्रवर्धयितुं च सम्बद्धानां धाराणाम् अन्तर्गतं प्रकरणं पञ्जीकृतम्। अस्मिन् विषये गिरफ्तारीम् आशय्य फौजिया अलीम इत्यनेन जिलान्यायालये पूवार्नुमानेन जमानतस्य याचिका दाखिला आसीत्।

## सम्पादकीयम्

### अन्वेषणं शीघ्रं कुर्वन्तु :

दहेज-उत्पीडन-हत्या-सम्बद्धेषु राष्ट्रिय-अपराध-अभिलेख-ब्यूरो-संस्थायाः अद्यतनतमानि आँकडानि २०२२ तमे वर्षस्य सन्ति। एतत् ज्ञायते यत् तस्मिन् वर्षे दहेज-मृत्यु-प्रकरणानाम् ६,४५० प्रकरणाः पञ्जीकृताः पूर्वाङ्कान् दृष्ट्वा २०२० तमे वर्षे ६,९६६, २०२१ तमे वर्षे च प्रायः ६,७०० प्रकरणाः अभवन्। न्यूनः दोषी ठहरावः : भारतीयन्यायसंहितायां धारा ८० दहेजमृत्युं कृत्वा न्यूनातिन्यूनं सप्तवर्षात् आजीवनकारावासपर्यन्तं दण्डस्य व्यवस्था अस्ति। तदपि न्यायस्य प्राप्तेः गतिः मन्दः भवति, दोषारोपणस्य दरः अपि अतीव न्यूनः एव इति कारणेन घटनाः अविरामाः एव निरन्तरं भवन्ति। आरोपपत्राणां दाखिलीकरणे विलम्बः, दीर्घकालीनविचाराः, न्यायालयात् बहिः निवसितुं पीडितपरिवारानाम् उपरि दबावः च न्यायस्य सेवां निवारयन्तः अनेकेषु कारकेषु अन्यतमाः सन्ति एनसीआरबी-आँकडानां अनुसारं २०२२ तमे वर्षे सर्वेषु लम्बितप्रकरणेषु दोषारोपणस्य दरः केवलं २% एव आसीत्। अन्वेषणं शीघ्रं कुर्वन्तु : यदा सर्वकारः कन्यानां सशक्तिकरणार्थं विविधाः योजनाः चालयति तदा निक्की-प्रकरणसदृशाः घटनाः तावत्पर्यन्तं न निवर्तन्ते यावत् तेषां विरुद्धं कृतानि अत्याचाराणि नियन्त्रितानि न भविष्यन्ति। शीघ्रं निष्पक्षं च अन्वेषणं अनुसृत्य न्यायः आवश्यकः।

## २०१६ तमे वर्षे भोपाले ३२० अवैध-उपनिवेशानां

# उपनिवेशाः नियमितीकरण-प्रक्रियायाः अतीताः सन्ति तथापि नूतनानां अनधिकृत-बस्तयः

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

विषये केन्द्रीकृतानां अद्यतनानाञ्च आँकडानां अभावः सर्वकारे नास्ति। फलतः सम्प्रति राज्ये अवैध-उपनिवेशानां सटीकं कुलसंख्यां वक्तुं सर्वकारः एव असमर्थः अस्ति। राजधानी भोपालः अस्याः प्रवृत्तेः प्रमुखं उदाहरणं भवति। २०१६ तमे वर्षे भोपाले ३२० अवैध-उपनिवेशानां पहिचानः कृतः, वर्तमान-अनुमानेन एतत् आकङ्क्षणं ६०० तः अधिकम् इति ज्ञायते यद्यपि एतेषु बहवः उपनिवेशाः नियमितीकरण-प्रक्रियायाः अतीताः सन्ति तथापि नूतनानां अनधिकृत-बस्तयः उद्भवः अनिवृत्तः अस्ति तथैव इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, अन्येषु च तीव्रगत्या विस्तारं प्राप्यमाणेषु नगरक्षेत्रेषु अवैध-उपनिवेशानां व्याप्तिः विस्तारं प्राप्नोति।



नगरनिगमानाम्, नगरीयसंस्थानां च सीमासमीपस्थेषु ग्रामीणक्षेत्रेषु एषा समस्या विशेषतया तीव्रा भवति। अत्र कृषकभूमिः लघुभूखण्डेषु उपविभज्य कानूनी प्राधिकरणं विना विक्रीयते। एताः उपनिवेशाः न नगरदेशनियोजनविभागात् अनुमोदनं प्राप्नुवन्ति न च नगरनिगमात् अथवा प्रासंगिकस्थानीयसंस्थाभ्यः विकासस्य अनुज्ञापत्रं प्राप्नुवन्ति न्यूनमूल्येन, सुलभदेयताविकल्पैः च आकृष्टाः सामान्यजनाः प्रायः एतादृशानि भूखण्डानि क्रियन्ते, केवलं पश्चात् मार्गाः, जलं, विद्युत्, मलजलव्यवस्था इत्यादीनां मूलभूतसुविधानां अभावस्य सामनं कुर्वन्ति अनेकप्रसङ्गेषु क्रेतारः स्वामित्वअधिकारसम्बद्धानां कानूनीविवादानाम्, विषयाणां च सामनं कुर्वन्ति।

स्थितिः गम्भीरताम् अङ्गीकृत्य राज्यसर्वकारः कठोरपरिहारं कर्तुं सज्जः अस्ति। नगरविकासावासविभागः नूतनकानूनस्य मसौदां कुर्वती अस्ति, यस्य रूपरेखा समाप्तुं समीपे अस्ति इति कथ्यते। प्रस्ताविते विधाने अवैध उपनिवेशानां विकासं कुर्वतां उपनिवेशकानां विरुद्धं कठोरदण्डात्मककायार्णां प्रावधानाः सन्ति। मसौदे अन्तर्गतं अवैध-उपनिवेशस्य विकासेन अधिकतमं १० वषार्णां कारावासः, १ कोटिपर्यन्तं दण्डः च आकर्षितुं शक्यते। अपि च, प्रस्तावे तेषां अधिकारिणां कर्मचारिणां च विरुद्धं कार्यवाही अन्तर्भवति येषां प्रमादः वा साझेदारी वा एतादृशानां उपनिवेशानां विकासं सुलभं करोति।

उपनिवेशकानां दण्डः एव अपर्याप्तः इति सर्वकारस्य मतम्; निरीक्षणतन्त्रं उत्तरदायी करणं अपि तथैव अत्यावश्यकम्। एतत् उद्देश्यं कृत्वा नूतनः कानूनः प्रशासनिकाधिकारिणां उत्तरदायित्वं निर्धारयितुं प्रयतते। यदि एतत् विधानं प्रवर्तते तर्हि राज्ये अद्यपर्यन्तं अवैध-उपनिवेश-निर्माणस्य विरुद्धं कठोरतम-कायार्णां मार्गः प्रशस्तः भविष्यति।

...सम्भवं भविष्यति। विशेषज्ञाः वदन्ति यत कठोरकायदानानां पार्श्वे नियमितसर्वक्षणं, डिजिटल-अभिलेख-प्रबन्धनं, स्थानीय-संस्थानां उत्तरदायित्वं च सुनिश्चित्य अपि अत्यावश्यकं भविष्यति अन्यथा अवैध-उपनिवेशानां एतत विस्तारितं जालं भविष्ये नगरविकासाय, पर्यावरणसंरक्षणाय, नागरिकसुविधानां च कृते अधिकाधिकं गम्भीरं संकटं जनयितुं शक्नोति इदानीं कृते राज्ये अवैधवस्तूनाम् अनियंत्रितप्रसारस्य उपरि प्रभावी नियन्त्रणं स्थापयितुं शक्यते इति सर्वकारस्य नूतनपरिकल्पना आशां जनयति।

## अपेक्षया न्यूनं नीरसं नास्ति

# पूर्वकालस्य अनेकानां हास्यप्रहसनानाम् विपरीतम् अस्मिन्

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

अपेक्षया न्यूनं नीरसं नास्ति इति लिखितवान्। इदानीं केचन दर्शकाः चलच्चित्रस्य सकारात्मकपक्षं अवश्यमेव प्रकाशितवन्तः। एकया प्रतिक्रियायाः उल्लेखः अभवत् यत् पूर्वकालस्य अनेकानां हास्यप्रहसनानाम् विपरीतम् अस्मिन् चलच्चित्रे विवाहातिरिक्तप्रकरणानाम् अथवा अविश्वासस्य सामान्यीकरणस्य प्रयासः न कृतः, यत सकारात्मकं बिन्दुः इति गणयितुं शक्यते चलच्चित्रस्य परितः बहुचर्चा वरुणधवनस्य अभिनयस्य विषये एव केन्द्रीकृता अस्ति। केचन दर्शकाः तस्य अभिनयस्य विषये प्रश्नं कृतवन्तः, तस्य लोकप्रियपात्रस्य भेडिया इत्यस्य सन्दर्भं अवलोक्य-एतत् मुखं न्यस्य प्रेक्षकाणां कृते एकस्य प्रदर्शनस्य स्मरणं जातम् यत् अनेके तस्य अन्तिमेषु वर्षेषु मनोरञ्जकतमं कार्यं मन्यन्ते अनेकाः सामाजिकमाध्यमप्रतिक्रियाः सूचितवन्तः यत चलच्चित्रस्य पटकथा प्रस्तुतिः च वरुणधवनस्य क्षमतायाः न्यायं न करोति।

परन्तु केचन दर्शकाः चलच्चित्रं सम्पूर्णतया न निराकृतवन्तः। तेषां मतं यत् ये लघुहृदयं मनोरञ्जकं चलच्चित्रं रमन्ते ते तस्मिन् केचन विनोदपूर्णाः क्षणाः प्राप्नुयुः। तथापि समग्रतया प्रारम्भिकप्रतिक्रियासु सकारात्मकटिप्पणीभ्यः समीक्षात्मकप्रतिक्रिया अधिका इति दृश्यते। निर्देशकः डेविड् धवनः चिरकालात् स्वस्य हास्यकलाभिः प्रसिद्धः अस्ति तथा च सः अनेकानि सफलानि, मनोरञ्जकानि चलच्चित्राणि बालिवुड्-सङ्घं प्रति वितरितवान्; फलतः प्रेक्षकाणां अपेक्षाः अधिकाः आसन्। परन्तु प्रारम्भिकाः समीक्षाः सामाजिकमाध्यमप्रतिक्रियाः च सूचयन्ति यत् चलच्चित्रं तासापेक्षां पूर्णतया न पूरितवान्। अधुना बृहत्तमः प्रश्नः चलच्चित्रस्य बक्स्-ऑफिस-सम्भावनायाः विषये वर्तते। सप्ताहान्ते प्रायः नकारात्मकसामाजिकमाध्यमेषु चचार्याः।

### राशिफल

**मेष** : आज विद्यार्थियों और रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। प्रेम और संतान पक्ष थोड़ा कमजोर रह सकता है।

**वृषभ** : प्रेम और संतान से जुड़ी बातें आपके पक्ष में रहेंगी। व्यापार में भी फायदा होगा। लाल वस्तु अपने पास रखें।

**मिथुन** : प्रेम और संतान से थोड़ी दूरी महसूस हो सकती है। व्यापार अच्छा रहेगा। लाल वस्तु पास रखें। पुरानी बातों में न उलझें।

**कर्क** : जो काम अटके हुए थे, उनमें गति आएगी। सेहत पहले से बेहतर रहेगी। प्रेम और संतान पक्ष भी मजबूत रहेगा।

**सिंह** : किसी भी तरह का जोखिम लेने से बचें। बेवजह विवाद या परेशानी में फंस सकते हैं। प्रेम और संतान की स्थिति सामान्य रहेगी।

**कन्या** : सेहत अच्छी रहेगी। प्रेम और संतान से खुशी मिलेगी। व्यापार में भी लाभ होगा। बस घरेलू तनाव से बचने की कोशिश करें।

**तुला** : सेहत, प्रेम और व्यापार तीनों ही अच्छे रहेंगे।लाल वस्तु का दान करें। अपने पार्टनर के साथ एक्स्ट्रा समय बिताएं।

**वृश्चिक** : प्रेम और संतान से जुड़े मामलों में सुधार रहेगा। व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। भगवान शिव का जलाभिषेक करें।

**धनु** : प्रेम और संतान से सुख मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा। हरी वस्तु पास रखें। आपका स्वास्थ्य भी अच्छी स्थिति में रहेगा।

**मकर** : प्रेम, संतान और व्यापार से जुड़ी स्थिति ठीक रहेगी। मां काली को प्रणाम करते रहें। भावुकता में आकर कोई फैसला नहीं लें।

**कुंभ** : परिवार और अपनों का सहयोग मिलेगा। सेहत अच्छी रहेगी। प्रेम और संतान का साथ मिलेगा। पीली वस्तु का दान करें।

**मीन** : नौकरी, प्रेम, संतान, सेहत और व्यापार– हर क्षेत्र में स्थिति काफी अच्छी रहेगी। सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध-शनि की केंद्र दृष्टि से 3 राशियों को रहना होगा सतर्क, कारोबार में हो सकता है नुकसान

ग्रहों के गोचर और उनकी स्थिति से अनेक शुभ-अशुभ योग बनते हैं, जिनका प्रभाव सभी राशियों के जीवन, करियर और व्यापार पर पड़ता है। इस समय बुध और शनि का केंद्र योग कुछ राशियों के लिए विशेष सतर्कता का संकेत दे रहा है।

वैदिक ज्योतिष में ग्रहों की चाल और उनकी विशेष स्थितियां समय-समय पर शुभ एवं अशुभ योगों का निर्माण करती हैं, जिनका सीधा असर सभी 12 राशियों के जीवन पर पड़ता है। बीते 10 जून 2026,को बुध और शनि एक-दूसरे से 90 डिग्री की दूरी पर रहकर केंद्र दृष्टि योग बना चुके हैं। यह योग दोपहर 11 बजकर 6 मिनट पर प्रभावी होगा।



ज्योतिषीय दृष्टि से बुध और शनि का यह संबंध कई राशियों के लिए चुनौतियां, मानसिक तनाव और कार्यक्षेत्र में बाधाएं ला सकता है, जबकि कुछ जातकों को धैर्य और समझदारी के बल पर लाभ भी मिल सकता है। आइए जानते हैं कि इस केंद्र दृष्टि योग का आपकी राशि पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

**केंद्र दृष्टि योग का प्रभाव–** बुध और शनि के बीच बनने वाला केंद्र दृष्टि योग कुछ राशियों के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां पैदा कर सकता है। विशेष रूप से कर्क, सिंह और वृश्चिक राशि के जातकों को इस दौरान अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता होगी। कार्यक्षेत्र में अपेक्षित सफलता मिलने में देरी हो सकती है, वहीं व्यापार से जुड़े लोगों को भी कुछ उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। निर्णय लेने में जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है और योजनाओं में बाधाएं आने की आशंका रहेगी। इस अवधि में धैर्य, समझदारी और सावधानी के साथ आगे बढ़ना इन राशियों के लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

**कर्क राशि–** केंद्र दृष्टि योग के प्रभाव से कर्क राशि के जातकों को पेशेवर और आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत पड़ सकती है। कारोबार में उम्मीद के मुताबिक परिणाम न मिलने से चिंता बढ़ सकती है। नौकरी करने वाले लोगों को कार्यस्थल पर दबाव या वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाने में कठिनाई महसूस हो सकती है। वहीं, जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में विवाद या मतभेद की स्थिति बनने के संकेत हैं।

**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों के लिए बुध और शनि का यह योग कुछ चुनौतियां लेकर आ सकता है। धन संबंधी मामलों में सोच-समझकर फैसले लेने की आवश्यकता होगी, क्योंकि आर्थिक हानि की आशंका बनी रह सकती है। संपत्ति से जुड़े मामलों में अपेक्षित लाभ न मिलने से निराशा हो सकती है। वित्तीय दबाव बढ़ने के कारण मानसिक तनाव और बेचैनी भी महसूस हो सकती है।

**वृश्चिक राशि–** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह ग्रह योग अनुकूल नहीं माना जा रहा है। व्यापार से जुड़े लोगों को लेन-देन और निवेश के मामलों में सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। कुछ कार्यों में रुकावटें आने से योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसके अलावा पारिवारिक जीवन में भी मतभेद या तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए रिश्तों में संयम और समझदारी बनाए रखना जरूरी होगा।

## हरमन सबसे सफल कप्तान, दीप्ति टॉप ऑलराउंडर, शेफाली का स्ट्राइक रेट 135 पार

# टी20 वर्ल्डकप- 6 प्लेयर्स भारत को चैंपियन बना सकती हैं

ब्रह्मास्त्र ›› पंजाब

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत का पहला मैच कल पाकिस्तान से होगा। पिछले ही साल वनडे वर्ल्डकप जीत चुकी हरमनप्रीत की ये टीम टी-20 वर्ल्डकप की भी सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही है। इस टीम में अनुभव, फॉर्म और युवा जोश का बेहतरीन मिश्रण है। हरमनप्रीत टी-20 इंटरनेशनल में सबसे सफल कप्तान हैं। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की विस्फोट ओपनिंग जोड़ी है। शेफाली 135 प्लस स्ट्राइक रेट से बैटिंग करती हैं।

दीप्ति शर्मा दुनिया की इकलौती टी-20 ऑलराउंडर हैं, जिनके नाम 1000 से ज्यादा रन और 150 से ज्यादा विकेट हैं। मिडिल ऑर्डर में जेमिमा हैं, जो टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 2,700 से ज्यादा रन बना चुकी हैं। 23 साल की क्रांति गौड़ गेंदबाजी की जान हैं।

**जेमिमा भरोसेमंद, 2,700 से ज्यादा रन–** जेमिमा रोड्रिग्ज भारतीय टीम की सबसे भरोसेमंद मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों में से एक हैं। उनके नाम टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 2,700 से ज्यादा रन हैं और वे इस फॉर्मेट में 2,500 रन बनाने वाली भारत की



### मंधाना दुनिया की दूसरी टॉप स्कोरर

29 साल की स्मृति मंधाना भारत की सबसे सफल टी-20 इंटरनेशनल बल्लेबाजों में से एक हैं। उनके नाम 4,333 रन हैं। वह मेंस और विमेंस क्रिकेट मिलाकर भारत के लिए सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। विमेंस टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाजों की सूची में वे दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पहले नंबर पर न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (4720) हैं।

उप कप्तान मंधाना ने जून 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ 112 रन की पारी खेलकर अपना पहला टी-20 इंटरनेशनल शतक लगाया था। पावरप्ले में तेज शुरूआत देने और बड़ी पारियां खेलने की उनकी क्षमता भारतीय टीम की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 में भी वह 434 रन बनाकर भारत की टॉप स्कोरर रही थीं।

### हरमनप्रीत सबसे सफल कप्तान

कप्तान हरमनप्रीत कौर के पास बड़े मैचों का अनुभव है। मिडिल ऑर्डर में उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और नेतृत्व क्षमता भारत के लिए टूर्नामेंट में अहम भूमिका निभा सकती है। 37 साल की हरमनप्रीत के नाम विमेंस टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 4,000 से ज्यादा रन हैं और उनका बेस्ट स्कोर 103 रन है। बतौर कप्तान उन्होंने 3,145 रन बनाए हैं, जो विमेंस टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा हैं। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर चमारी अट्टापट्टू (3,131 रन) और तीसरे स्थान पर मेग लैनिंग (2,619 रन) हैं। इसके अलावा, हरमनप्रीत विमेंस टी-20 इंटरनेशनल इतिहास की सबसे सफल कप्तान भी हैं। उनकी कप्तानी में भारत ने 142 मैच खेले हैं, जिनमें 81 जीत हासिल की हैं। इस सूची में दूसरे स्थान पर लैनिंग हैं, जिनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने 76 मैच जीते थे।

चौथी महिला खिलाड़ी हैं। जेमिमा की सबसे बड़ी ताकत दबाव में बल्लेबाजी करना और तेजी से रन जुटाना है। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में 16 अर्धशतक लगाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 117 से ज्यादा है। वे हाल के समय में भी शानदार फॉर्म में रही हैं। इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टी-20 सीरीज के पहले मैच में उन्होंने मैच जिताऊ अर्धशतक लगाया था। वहीं, विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 127 रन बनाकर भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

**दीप्ति वनडे वर्ल्डकप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं–** दीप्ति शर्मा सबसे बेहतरीन टी-20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर्स में से एक हैं। वे बल्ले और गेंद दोनों से मैच का रुख बदलने की क्षमता रखती हैं। दीप्ति मेंस और विमेंस क्रिकेट मिलाकर टी-20 इंटरनेशनल में 1,000 से ज्यादा रन और 150 से ज्यादा विकेट लेने वाली दुनिया की पहली और अब तक इकलौती ऑलराउंडर हैं। दीप्ति के नाम 161 विकेट हैं और वे विमेंस टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में दूसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। मिडिल ओवर्स में उनकी किफायती गेंदबाजी, नियमित अंतराल पर विकेट लेने की क्षमता और निचले क्रम में उपयोगी रन बनाना भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

पिछले साल विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में दीप्ति सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया था। ऐसे में आगामी टूर्नामेंट में भी वह भारत की सबसे अहम खिलाड़ियों में शामिल होंगी।

# विमेंस टी-20 वर्ल्डकप में डबल हेडर आज

ब्रह्मास्त्र ›› साउथम्पटन

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में मंगलवार को साउथम्पटन के रोज बाउल ग्राउंड पर डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड का सामना श्रीलंका से रात 7 बजे से होगा। फिर रात 11 बजे से मेजबान इंग्लैंड और आयरलैंड दूसरे मुकाबले में आमने-सामने होंगे। न्यूजीलैंड और श्रीलंका दोनों ही टीमें अपना पहला मैच हार चुकी हैं। न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज ने हराया था, जबकि श्रीलंका को इंग्लैंड ने मात दी थी। आयरलैंड को स्कॉटलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच अब तक 16 महिला टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले पूरे हुए हैं। इनमें न्यूजीलैंड ने 14 मैच जीते हैं, जबकि श्रीलंका सिर्फ 2 मुकाबले जीत सकी है। एक मैच नो रिजल्ट रहा है। हालांकि, पिछले चार मैचों में श्रीलंका ने दो बार न्यूजीलैंड को हराया है, जिससे मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड की अनुभवी बल्लेबाज सुजी बेट्स वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल सकी थीं।

## 64वीं रैंक केप वर्डे ने स्पेन को ड्रॉ पर रोका

# 40 साल के वोजिन्हा ने 7 बचाव किए सऊदी अरब ने उरुग्वे से ड्रॉ खेला




ब्रह्मास्त्र ›› अटलांटा

फीफा वर्ल्ड कप में डेब्यू कर रही केप वर्डे ने 2010 की चैंपियन स्पेन को 0-0 की बराबरी पर रोक दिया है। ग्रुप-एच के एक अन्य मुकाबले में सऊदी अरब ने 2 बार की वर्ल्ड चैंपियन उरुग्वे को अंक साझा करने पर विवश कर दिया। यह मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा।

मंगलवार को ग्रुप-एच के पहले मैच में स्पेन का दबदबा रहा, लेकिन 2010 की वर्ल्ड चैंपियन स्पेन केप वर्डे के 40 साल के गोलकीपर वोजिन्हा और मजबूत डिफेंस को भेद नहीं सकी। उसने अटलांटा स्टेडियम में 74% बॉल पोजेशन रखा और 27 शॉट लगाए, लेकिन गोल नहीं आया।

दूसरी ओर फ्लोरिडा के मियामी स्टेडियम में उरुग्वे ने गोल करने के 29 प्रयास किए। इनमें से 11 ऑन टारगेट थे। लेकिन, सऊदी अरब के गोलकीपर मोहम्मद अल-ओवैस ने 10 मौकों पर सफल बचाव किया और टीम के लिए एक अंक हासिल किया।

इन मैचों के बाद उरुग्वे ग्रुप-एच की पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर आ गई है। सऊदी अरब दूसरे, स्पेन तीसरे और केप वर्डे चौथे स्थान पर है। इस ग्रुप का अगला मुकाबला स्पेन-उरुग्वे के बीच होगा। साथ ही केप वर्डे की टीम सऊदी अरब के खिलाफ मैदान पर उतरेगी।

## खबर एक नजर...

### ट्रेक्टर से दीवार गिरने पर पड़ोसियों में हुआ विवाद

**उज्जैन।** कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम भटुनी में रहने वाले निलेश पिता विक्रमसिंह पटेल ट्रेक्टर लेकर घर के पीछे से गुजर रहा था। ट्रेक्टर अनियंत्रित होने पर पड़ोसी भारत पिता राजाराम सूर्यवंशी के मकान की दीवार गिर गई। जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान निलेश ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज किया। भारत सूर्यवंशी का कहना था कि दीवार गिराने पर ट्रेक्टर रोक पूछताछ करने का प्रयास किया तो निलेश ने जान से मारने की धमकी दी। वहीं निलेश का कहना था कि दीवार गिरने पर गाली-गलौच कर मारते करते हुए धमकी दी गई है।

### हिरासत में रेलवे स्टेशन चाकूबाजी में शामिल आरोपी

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन परिसर में रविवार रात हुई चाकूबाजी में दीपक पिता इंदरसिंह 28 साल निवासी शाजापुर हाल मुकाम मंछामन कालोनी घायल हो गया था। उसे आरपीएफ टीम ने उपचार के लिये भर्ती कराकर मामले की जांच जीआरपी को सौंपी थी। जीआरपी ने अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान दर्ज किये। इस दौरान सामने आया कि वह पांच सालों से उज्जैन में रहकर मजदूरी कर रहा है। रात में ई-रिक्शा से रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास पहुंचा था। जहां उस पर कबीर उर्फ दीपक और राजेश ने पुरानी रंजीश में चाकू से हमला किया है। जीआरपी ने मामला दर्ज कर चाकू मारने वाले दोनों बदमाशों की तलाश शुरू की। सोमवार सुबह कबीर उर्फ दीपक को हिरासत में ले लिया गया। दूसरे आरोपी राजेश की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि कबीर अवैध शराब बेचता है। घायल का 6 जून को कबीर से शराब पीने के दौरान विवाद हुआ था। फिलहाल जीआरपी मामले में विवेचना कर रही है।

### अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस ट्रेन में बीमार यात्री की मौत

**उज्जैन।** बिहार के बांका का रहने वाला मोनू पिता लड्डू मंगल 22 साल बीमार था। परिजन उसे अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस से उपचार के लिये अहमदाबाद लेकर जा रहे थे। सोमवार तड़के ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने से पहले मोनू की हालत काफी बिगड़ गई। प्लेटफार्म पर ट्रेन का स्टापेज होते ही उसे उतारा गया और जीआरपी की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले में जीआरपी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। भाई सोनू और परिजन शव बिहार लेकर गये है।

### देवासरोड पर कार-रिक्शा भिड़ंत में 4 घायल

**उज्जैन।** देवासरोड पॉलिटेक्निक कालेज के सामने तेजगति से दौड़ती कार क्राम एचआर 21 पी 7451 ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। रिक्शा अनियंत्रित हो गया और पलटी खा गया। जिसमें सवार पुष्पा पति रामशंकर मिश्रा 56 साल, पुत्री ऋचा मिश्रा 23 साल निवासी तिरूपति विस्टापार्क और अंतेश पिता धर्मेन्द्र रायकवार के साथ धर्मेश पिता छोटेलाल रायकवार 49 साल निवासी अंबर कालोनी घायल हो गये। सभी घायलों को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में माधवनगर थाना पुलिस द्वारा ऋचा मिश्रा की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जो दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकला था। दुर्घटना का एक मामला मंछामन कालोनी चौराहा पर हुआ। आंनदगंज की झिरी में रहने वाले अमित पिता सुरेन्द्र शुक्ला 46 साल को एक्टिवा चालक ने टक्कर मार दी। अमित को गंभीर चोंट आने पर लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना एसआई श्रवण भदौरिया ने अस्पताल पहुंच बयान दर्ज करते हुए अज्ञात एक्टिवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। चालक का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे है।

### गिरफ्त में नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी



**उज्जैन।** 14 दिन पहले घर के पीछे से आकर 14 साल की बालिका का बुरी नियत से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी सोहेल पिता शाहिद 22 साल निवासी किलकिलपुरा बैरजाली सोमवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गया। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि नाबालिग ने परिजनों के साथ थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी और बताया था कि आरोपी द्वारा उसका हाथ पकड़ लिया गया था। शोर मचाने पर मां आई तो जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला था। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ धारा 74, 75 (1), 78 (2), 351 (3), बीएनएस और 7/8, 11(आईवी)/12 पास्को एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये एसआई सुखसेन अरियाम, आरक्षक आदिराम, राघवसिंह, सैनिक महेन्द्रसिंह की टीम बनाई गई थी। 14 दिन बाद गिरफ्त में आने पर आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 159-5 | 280-0 |
| मेन बाजार | 146-1 | 245-1 |
| मिलन डे | 567-8 | 227-1 |
| मिलन नाइट | 480-2 | 578-0 |

3 7 8

**3 साल की अबोध बच्ची का मुंह नोच खाया स्ट्रीट डाग ने**

# 40 से 50 टांके लगे, इंदौर में चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



**आंख का आपरेशन किया**

**आगर जिला अस्पताल में चार डाक्टरों को करना पड़ा उपचार**

उज्जैन जिले के झारडा तहसील अंतर्गत देलवाड़ी गांव में घर के बाहर खेल रही गांव के ही कालूसिंह की 3 वर्षीय पुत्री माही को शनिवार को आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। इस दौरान बच्ची चिल्लाते रही और कुत्ता उसे नोचता रहा। बच्ची का आगर के जिला अस्पताल में डॉ. जितेन्द्र कैथवाल ने उपचार कर 40-50 टांके लगाए हैं। बकौल डॉ. कैथवाल कुत्ते के नोचने से बच्ची के चेहरे चमड़ी एक और लटक गई थी जिसे हमने जैसे-तैसे ठीक कर स्टीच किया। यहां उपचार के उपरांत उसे अधिक बेहतर उपचार के लिए इंदौर एमवाय रैफर किया है।

शनिवार सुबह बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी उसी दौरान आवारा कुत्ते ने यह हमला किया। बच्ची की चीखपुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने उसे कुत्ते से छुड़ाया। कुत्ते के नोचने से अत्यधिक रक्त स्त्राव की स्थिति में बच्ची को परिजन लेकर सीधे आगर मालवा के जिला अस्पताल पहुंचे थे। कुत्ते ने बच्ची को आंख के नीचे ,नाक के उपर एवं गाल और मुंह को बुरी तरह से नोच दिया था।

डॉ. कैथवाल ने बताया कि वे मूलतः एनेस्थिस्यिा स्पेशललिस्ट हैं। पूर्वान्ह के समय की घटना रही होगी। उसी दौरान बच्ची को लेकर उसके परिजन अस्पताल आए थे। जनरल डयूटी पर डॉ. अजहर मुलतानी थे। बच्ची को हमने तत्काल ही उसके उपचार की शुरूआत कर दी थी। दर्द से राहत के लिए बच्ची को एनेस्थिसिया दिया गया। उसके चेहरे की चमड़ी एक और लटकने की स्थिति में उसे सीधा किया और उसके उपरांत उसे टांके लगाए गए। उसके नाक, होंठ, ठोढी पर अंदर तक घाव थे। अंदर एवं बाहर दोनों मिलाकर बच्ची को करीब 40-50 टांके लगाए गए हैं।

**इंदौर में प्लास्टिक सर्जरी की गई**

इस दौरान आप्थोलाजिस्ट डॉ. शशांक सक्सेना एवं पिडिएट्रिक डॉ. के सी परमार को भी बुला लिया गया था। सभी के परामर्श के साथ बच्ची को एंटी रैबीज, टिटेनस टाक्साईड, एआरवी, इम्नोग्लोबिन इंजेक्शन तत्काल ही दिए गए। बच्ची को वैसे तो तत्काल ही प्लास्टिक सर्जरी की आवश्यकता थी लेकिन रक्त स्त्राव की स्थिति में हमने प्रारंभिक उपचार करते हुए उसे इंदौर के एमवाय के लिए रैफर किया था। बच्ची के परिजनों से बाद में हुई चर्चा के अनुसार सोमवार को उसके चेहरे पर इंदौर में प्लास्टिक सर्जरी की गई है। उसकी आंखों में भी चोंट की स्थिति के कारण माईनर सर्जरी की जाने की जानकारी सामने आई है।

**चैकिंग में स्टापर लगाकर पकड़ा, 2 दिनों की रिमांड पर पूछताछ**

# लग्जरी गाड़ी में सवार मिले मंदसौर के ड्रग्स तस्कर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रात्रि गश्त के दौरान चैकिंग में रविवार-सोमवार रात लग्झरी गाड़ी में सवार 5 लोगों को पुलिस ने पकड़ा। सभी मंदसौर के तस्कर होना सामने आये, जिनके पास से ढाई सौ ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान वाल्मिकीधाम चौराहा पर वाहनों की चैकिंग शुरू की गई थी। उसी दौरान एमपी 09 सीटी 4511 लग्झरी फोर्ड एंडेवर कार आती दिखाई दी। जिसे रोकने का प्रयास करने पर चालक ने रफ्तार कर निकलने का कोशिश की। चैकिंग में शामिल पुलिसकर्मियों ने स्टापर अड़ाकर कार को रोक लिया। जिसमें पांच लोग बैठे थे। पूछताछ करने पर चालक विकास पिता पन्नालाल नायक 22 साल, याकूब पिता हाजी गुलबाज खान 52 साल, मोहम्मद जैद उर्फ बाबा पिता याकुब खान 19 साल निवासी गोपालपुरा मंदसौर, मानसिंह पिता जुझारसिंह गुर्जर 50 साल निवासी नयाखेड़ा सीतामऊ, मंदसौर और रईस पिता अमीर खान 48 साल बेलारी सीतामऊ मंदसौर सामने आये। पूछताछ में सही जवाब नहीं देने पर उनके वाहन की तलाशी ली गई। चालक सीट के नीचे से एक प्लास्टिक की थैली मिली, जिसमें मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स भरा था, जो 252 ग्राम पाया गया। चैकिंग पाइंट से पांचों को थाने लाया गया और एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। बरामद ड्रग्स 3.50 लाख और लग्झरी कार 10 लाख कीमत होना पाई गई है। पांचों के मोबाइल जप्ती में लिये गये है। सोमवार को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी शर्मा के अनुसार आरोपियों का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर पता चला कि याकूब खान और मानसिंह गुर्जर पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी रह चुके है। फिलहाल पांचों से मादक पदार्थ स्त्रोत के संबंध में पूछताछ कर सप्लाई चैन का पता लगाया जा रहा है।

**पंवासा-माधवनगर गिरफ्त में शराब तस्कर**

रविवार-सोमवार रात माधवनगर और पंवासा थाना पुलिस ने सर्कल भ्रमण के दौरान अवैध शराब तस्करी में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन पर सवार अभिषेक पिता कैलाश यादव 40 साल बहादूरगंज को विक्रमनगर ब्रिज के पास से पकड़ा गया। जिसके पास से 2 झोले में भरी 51 हजार से अधिक की देशी-विदेशी शराब बरामद की गई। पंवासा पुलिस ने श्री सिंथेटिक्स चौराहा से बाइक सवार 2 युवकों को पकड़ा। जिसके पास से 24 हजार कीमत की 6 पेटी देशी शराब बरामद की गई। प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला के अनुसार आरोपी प्रवीण पिता सौदानसिंह ठाकुर राजनगर इंदौर और विशाल पिता दशरथ पंचमूर्ती नगर इंदौर के खिलाफ आबकारी एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवक ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**2 माह पहले हुई थी शादी, मिला सुसाइड नोट**

किराये के मकान में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवक ने सोमवार को फांसी लगा ली। उसका शव रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस जांच में उसके पास से सुसाइड नोट मिला है। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू की जायेगी।

नागझिरी थाना क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया के पीछे न्यू इंदिरानगर में किराये का मकान लेकर राहुल पिता रामकरण सोलंकी 27 साल यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। सोमवार शाम उसका शव घर में रस्सी के फंदे पर लटका मिला। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा गया। जानकारी जुटाने पर सामने आया कि राहुल मूलरूप से ग्राम झाडला नलखेड़ा आगर का रहने वाला था। पुलिस को उसके पास से 3 से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला है। जिसे जांच के लिये जप्त किया गया है। नोट में उसने अपनी पत्नी और सास पर आरोप लगाये है। घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर परिजन उज्जैन पहुंच गये थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया है। परिजनों ने बताया कि राहुल की शादी को 2 माह 5 दिन हुये है। पत्नी मायके गई हुई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी।

**3 साल पहले किया था प्रेम विवाह, 8 माह का है बेटा**

# फांसी लगाने में नाकाम रही महिला ने काटी हाथ की नस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रेम विवाह करने वाली महिला ने सोमवार सुबह फांसी लगाने का प्रयास किया पति ने उसे बचा लिया, लेकिन शाम को उसने हाथ की नस काट ली। पति ने उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया है।

इंदौर-नागदा बायपास मार्ग हाटकेश्वर कालोनी में रहने वाली दीक्षा पति पार्थ नागर 21 साल को नीलगंगा थाना पुलिस की डायल 112 चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी। दीक्षा के एक हाथ की नस कटी थी और कलाई पर कई गहरे जख्म थे। आपरेशन थियेटर में सर्जरी के बाद उसे उपचार के लिये भर्ती किया गया है। पति पार्थ ने बताया कि वह ट्रेवल्स का काम करता है। 3 साल पहले प्रेम विवाह किया था, 8 माह का बेटा है, दीक्षा जयपुर की रहने वाली है। सुबह उसने फांसी लगाने का प्रयास किया था, उस वक्त भी डायल 112 बुलाई गई थी। पुलिस समझाईश के बाद दीक्षा का गुस्सा कम हुआ था, उसकी हरकतों को देखते हुए पुलिस कंट्रोलरूम पहुंच शिकायती आवेदन भी दिया। लेकिन शाम को उसने ब्लेड से हाथ की नस काट ली।



जानकारी यह भी सामने आई कि पार्थ रातभर घर नहीं लौटा था दीक्षा को उस पर दूसरी महिला के संपर्क में होने की शंका है। जिसके चलते दोनों के बीच आये दिन विवाद होते रहते है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**प्रेम विवाह के 5 साल बाद खाया जहर**

प्रेम विवाह के पांच साल बाद जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का एक मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के नागेश्वरधाम कालोनी से सामने आया। यहां रहने वाली शिवानी ने 2021 में सेठीनगर के रहने वाले निहाल सूर्यवंशी से लव मैरिज की थी। उनका एक बेटा है। निहाल काम धंधा नहीं करता है। जिसके चलते दोनों में विवाद होता था। 11 जून को शिवानी मायके आ गई थी। 12 जून की शाम उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। फूफा सत्यप्रकाश अहिरवार ने बताया कि पहले चरक अस्पताल फिर माधवनगर और उसके बाद निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां रविवार रात शिवानी की मौत हुई है। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया है।

# चाकू की नोंक पर लूट करने वाले बदमाशों की पुलिस कर रही तलाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




दर्शन कर लौट रहे फायनेंसकर्मी के साथ दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात में शामिल बाइक सवार 3 बदमाशों की तलाश फुटेज सामने आने के बाद पुलिस द्वारा की जा रही है।

बताया जा रहा है कि ग्राम चंदेसरा का रहने वाला सौदान प्रजापत बजाज फायनेंस कंपनी में काम करता है। 13 जून को वह ढाबारोड स्थित गेबी हनुमान मंदिर दर्शन करने गया था। जहां से वापस ढांचाभवन मार्ग होते ही मक्सीरोड की ओर जा रहा था, उसी दौरान दिनदहाड़े प्रीतिनगर दारू गोदाम मार्ग पर उसे बाइक से आये तीन बदमाशों ने रोका और चाकू दिखाकर उसके पास रखे 14 हजार रुपए और मोबाइल छीनकर भाग निकले। सौदान ने मामले की शिकायत चिमनगंज थाने पहुंचकर लिखित में दर्ज कराई। पुलिस ने मामला जांच में लिया और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसमें बाइक से 3 व्यक्ति जाते दिखाई दिये है। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच जारी है। फुटेज के आधार पर जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में संदेह भी है। बाइक सवारों के हिरासत में आने पर वारदात की सही स्थिति सामने आ पायेगी।

# आस्था की डूबकी लगाते डूबा बिहार का युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सोमवती अमावस्या पर परिवार के साथ आस्था का नहान करने बिहार से आया युवक शाम को क्षिप्रा में डूब गया। परिवार की सूचना पर गोताखोरों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद उसका शव निकाला गया।

**रामघाट पर घटना गोताखोरों ने निकाला शव**



महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि बिहार के ग्राम फूलवारिया महू जिला वैशाली से रोहित कुमार पिता राजकिशोर शाह 25 साल परिवार के साथ सोमवती अमावस्या होने पर आस्था का नहान और महाकाल दर्शन करने आया था। शाम 7 बजे के लगभग परिवार रामघाट पहुंचा था। परिवार डूबकी लगाकर बाहर आ गया था। लेकिन रोहित डूबकी लगाने के बाद वापस नहीं निकला। परिवार नहान के बाद कपड़े बदलने चैजिंग रूम चला गया। कुछ देर बाद रोहित दिखाई नहीं दिया तो उसकी तलाश शुरू की गई। उसके डूबने की आशंका सामने आते ही गोताखारों ने सर्चिंग अभियान शुरू किया। कुछ देर बाद उसे बाहर निकाला गया। इस दौरान एसडीआरएफ और होमगार्ड ने सीपीआर दिया, लेकिन सिर में चोंट लगी होने से उसकी मौत हो चुकी थी। आशंका जताई गई कि गोता लगाने के दौरान चोंट लगने पर डूबा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर रात में शव चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जायेगा।

**श्रम संगठन भी मात्र दिखावा ,न्यूनतम दर से कम वेतन पर भी नहीं उठ रही आवाज**

# श्रम विभाग मूक दर्शक, मजदूरों का खुला शोषण

## निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड के साथ ही ठेका श्रमिकों को नहीं मिल रही कलेक्टर दर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड के साथ ही ठेका श्रमिक बनाम कार्यालयों में आउट सोर्स कर्मचारियों का शोषण जमकर हो रहा है। श्रम विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। श्रम संगठन भी मात्र दिखावे के रह गए हैं। कलेक्टर दर से भी कम वेतन पर श्रमिकों को काम करना पड़ रहा है। हाल यह हैं कि श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में भी नाल काटी जा रही है। इस खुले शोषण के विरूद्ध संबंधित विभाग के प्रकरणों की स्थिति ना के बराबर है।

जिले में आउटसोर्स श्रमिकों की पूर्ति करने वाली एजेंसियां भरमार हैं। इसके साथ ही विभिन्न कंपनियां यहां बाहर से आकर ठेके ले रही है। कर्मचारियों से जानने पर पता चलता है कि उन्हें तो न्यूनतम कलेक्टर दर से भी कम पारिश्रमिक दिया जा रहा है। अस्पताल से लेकर मंदिर और इसके साथ ही प्रशासनिक क्षेत्र में भी ऐसे आउटसोर्स कर्मचारी रखे गए हैं लेकिन प्रावधान मुताबिक न तो उन्हें पारिश्रमिक मिल रहा है न ही उनके कर्मचारी भविष्य निधि में ही संबंधित एजेंसी या ठेकेदार अपना हिस्सा ही दे रहा है।



- **ईपीएफ-ईएसआईसी में भी घोटाला** - स्थिति यह देखी जा रही है कि आउटसोर्स श्रमिकों को न्यूनतम कलेक्टर दर के पारिश्रमिक की बजाय ठेकेदार 3500-4500 रूपए तक कम दे रहे हैं। ईपीएफ एवं ईएसआईसी में अपनी राशि की बजाय श्रमिक की ही राशि का एक हिस्सा जमा कर रहे हैं। श्रमिक को कम दी गई राशि में से ही और एक से डेढ़ हजार बचाकर अपनी जेब भर रहे हैं। भविष्य निधि में जितनी राशि कर्मचारी की काटी जाती है उतनी ही एजेंसी एवं ठेकेदार को मिलाकर जमा करना होती है। इसकी बजाए एजेंसी एवं ठेकेदार श्रमिक की और से ही पूरी राशि काटकर जमा करवा रहे हैं और उसमें खुद की ओर से जमा की जाने वाली राशि सीधे तौर पर हजम हो रही है।
- **कलेक्टर दर का उल्लंघन**-म.प्र. शासन और जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा श्रम विभाग के नियमों के तहत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 'कलेक्टर दर' तय है। एजेंसियों एवं ठेकेदारों ने शासन के इस आदेश को रद्दी की टोकरी में डाल दिया है। कर्मचारियों को कलेक्टर रेट से लगभग 3650 रु. कम भुगतान किया जा रहा है। जब भी कोई श्रमिक बनाम आउटसोर्स कर्मचारी कलेक्टर रेट या पूरे वेतन की मांग करता है, एजेंसी प्रबंधन या ठेका कंपनी नौकरी से निकालने की धमकी देता है।

**भविष्य निधि के नाम पर काट रहे**

ईपीएफ-ईएसआईसी में खेल किया जा रहा है। कई एजेंसी एवं ठेके पर नाम न छापने की शर्त पर निजी सुरक्षा गार्ड एवं आउटसोर्स श्रमिक बताते हैं कि उनके पारिश्रमिक बनाम वेतन से ईपीएफ और ईएसआईसी की राशि तो काटी जाती है, पर न तो पारदर्शिता बरती जाती है और न ही स्लिप दी जाती है। श्रमिकों को आशंका है कि उन्हें तो मात्र इसकी जानकारी ही दी जाती है बस, उनका पैसा सुरक्षित नहीं है। अधिकांश में तो उपर के उपर ही सब चल रहा है। आशंका है कि श्रमिकों को पीएफ के नाम पर करोड़ों की चपत लगने वाली है।

**क्या कहते हैं नियम**

न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अनुसार तय न्यूनतम वेतन से कम भुगतान करना दंडनीय अपराध है। 6 महीने की जेल या 500 रु. जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। ठेका श्रम (विनियमन और उन्मूलन) अधिनियम 1970 प्रधान नियोक्ता की जिम्मेदारी है कि ठेकेदार श्रम कानूनों का पालन करे। उल्लंघन पर लाइसेंस रद्द हो सकता है। कानूनन भविष्य निधि की राशि जमा न करना संज्ञेय अपराध है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com